दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
वर्ष-5, अंक:149
जयपुर, शनिवार, 09 अगस्त 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

देश का Darpan News TV
Comming Soon
अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

## हिमाचल में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 452 सड़कें बंद

एजेंसी

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश का सिलसिला थमा रहा और राजधानी शिमला में कई दिनों के बाद हल्की धूप खिली। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन यह राहत ज्यादा देर टिकने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने 8 से 13 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान 10 और 11 अगस्त को कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 8 अगस्त को उना, बिलासपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। 9 अगस्त को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में भारी बारिश और आंधी का येलो अलर्ट रहेगा। 10 अगस्त को ऊना, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है, जबकि शिमला, कुल्लू, चंबा, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। 11 अगस्त को ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि सिरमौर, चंबा और हमीरपुर में येलो अलर्ट रहेगा। 12 और 13 अगस्त को भी येलो अलर्ट रहेगा। बीते 24 घंटों में ऊना जिला के भरवीं और सोलन के नालागढ़ में सबसे ज्यादा 120-120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बिलासपुर के नैना देवी में 90 मिलीमीटर, सिरमौर के पच्छाद और बीबीएमबी क्षेत्र में 70-70



मिलीमीटर, हमीरपुर के मैहरे और कांगड़ा में 60-60 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। धर्मशाला में 40, नाहन, कसौली, देहरा गोपीपुर और बिलासपुर में 30-30 मिलीमीटर वर्षा हुई। किन्नौर के कुकुमसेरी में 46 और शिमला के कुफरी में 33 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। भारी बारिश के चलते राज्य में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। गुरुवार शाम तक दो नेशनल हाईवे और 452 सड़कें बंद हो चुकी थीं। मंडी में 245, कुल्लू में 117, शिमला में 37 और कांगड़ा में 23 सड़कें अवरुद्ध हैं। कुल्लू में एनएच-305 और किन्नौर में एनएच-5 के कुछ हिस्से भी बाधित हैं। राज्य में बिजली और पानी की सप्लाई पर भी असर पड़ा है। कुल 861 ट्रांसफार्मर और 244 पेयजल योजनाएं ठप हैं। कुल्लू में 375, मंडी में 228, सोलन में 210 और शिमला में 43 ट्रांसफार्मर बंद हैं। मंडी की 109 और कांगड़ा की 120 जल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कांगड़ा जिले में पौंग बांध से एक बार फिर 40 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा गया है। प्रशासन ने लोगों से नदियों और नालों के किनारे न जाने की अपील की है। 20 जून से अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। 37 लोग लापता हैं और 307 घायल हुए हैं। मंडी में सबसे ज्यादा 42, कांगड़ा में 31, शिमला में 21, कुल्लू और चंबा में 18-18, सोलन और ऊना में 13-13, हमीरपुर और किन्नौर में 12-12, बिलासपुर और सिरमौर में 8-8 और लाहौल-स्पीति में 5 लोगों की मौत हुई है।

## हिमाचल के चम्बा में खाई में गिरी कार, 6 की मौत

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के भंजराडू शहवा-भड़कवास मार्ग पर बीती देर रात एक कार गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित कुल छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी को भी बचाया नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार यह कार चंबा जिला मुख्यालय से लौट रही थी। देर रात पधरी के पास पहुंचते ही चालक का वाहन पर नियंत्रण खो गया और कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में पति-पत्नी, उनके दो बच्चे और दो अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेश कुमार (40) पुत्र नरेन सिंह, उनकी पत्नी हंसो (36), बेटी आरती (17), बेटा दीपक (15), राकेश कुमार (44) पुत्र हरि सिंह और हेम पाल (37) पुत्र इंदर सिंह के रूप में हुई है। इनमें राजेश कुमार का परिवार गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा का निवासी था, जबकि हेमपाल गांव सलांचा, डाकघर भंजराडू के रहने वाले थे। पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया। शवों को खाई से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। चम्बा पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि अंधेरा होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। हादसे की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।



## गुजरात की आँगनबाड़ी बहनों ने सरहद के जवानों की रक्षा के लिए भेजीं 3.5 लाख से अधिक राखियाँ, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

**गांधीनगर।** देश की सीमाओं की दिन-रात सुरक्षा में लगे सेना के जवानों के लिए रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर गुजरात की आँगनबाड़ियों बहनों ने रक्षा के प्रतीक के रूप में साढ़े तीन लाख से अधिक राखियाँ तैयार की गई हैं और ये राखियाँ इन कर्तव्य परायण जवानों को भेजी गई हैं।राज्य की लगभग 53 हजार आँगनबाड़ी बहनों ने सरहद के संतरियों यानी सेना के जवानों की रक्षा के लिए ये राखियाँ भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक के रूप में तैयार की हैं। गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में यह रक्षासूत्र कलश सीमावर्ती बलों के जवानों को प्रतीक के रूप में सौंपा गया। गुजरात की इस पहल को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों ने इससे संबंधित सर्टिफिकेट और मेडल मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। सीमा पर तैनात जो जवान अपने परिवार से दूर रहकर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित हैं, उनकी सदैव रक्षा की भावना के साथ महिला एवं बाल कल्याण मंत्री भानुबेन बाबरिया के मार्गदर्शन में आँगनबाड़ी बहनों ने श्रावण माह की पूर्णिमा-रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में ये राखियाँ तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले और अपने घर-परिवार से दूर रहने वाले सेना के जवानों की रक्षा के लिए बहनों ने यह रक्षासूत्र बनाया है। हमारी सेना ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर देश की बहनों के सिंदूर की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि गुजरात की बहनों ने ऐसे वीर जवानों की रक्षा का कवच राखियों के जरिये प्रदान कर भाई-बहन के प्रेम के त्योहार को राष्ट्रभक्तिमय बनाया है। सेना (आर्मी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के गांधीनगर स्थित जवानों ने इस रक्षासूत्र कलश को सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. विक्रांत पांडे, महिला एवं बाल विकास सचिव राकेश शंकर, महिला एवं बाल विकास आयुक्त डॉ. रणजीत कुमार सिंह, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ के जवान, प्रोग्राम ऑफिसर तथा गांधीनगर महानगर पालिका की आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनें आदि उपस्थित रहे।



## छत्रपति शिवाजी के बाघ नख देखकर इतिहास की याद आती है - मोहन भागवत

एजेंसी

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर के केंद्रीय संग्रहालय की प्रदर्शनी में रखे छत्रपति शिवाजी महाराज के 'बाघ नख' का अवलोकन किया।

इस दौरान अखाड़ों ने उनके सामने पुराने शास्त्रीय कला को प्रदर्शित किया, जिसमें दानपट्टा, दंड युद्ध और तलवारबाजी दिखाई गई। मोहन भागवत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के 'बाघ नख'देखकर हमें अपने पराक्रम के इतिहास की याद आती है, यह सभी को देखना चाहिए। उन्होंने युद्ध कौशल पर कहा कि तरुणों में व्यायाम और इन सबकी आदत होनी चाहिए। इससे पहले मोहन भागवत ने नागपुर में एक कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए कहा था कि संस्कृत देश की सभी भाषाओं की जननी है। सभी भाषाओं के विकास और इन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत के विकास को भी राजश्रित (राजकीय संरक्षण) दर्जा मिलना आवश्यक है। संस्कृत को संचार का माध्यम बनना चाहिए और घर-घर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने आगे कहा था कि संस्कृत वह भाषा है जो हमारे भावों (भाव) को विकसित करती है। यह भाषा सभी को आनी चाहिए।

अगर हम उस भाव के अनुसार जीवन जिएं तो संस्कृत का भी विकास होगा। देश की परिस्थिति के अनुसार भाषा का भी विकास होता है। आरएसएस प्रमुख ने आगे कहा था कि मैंने खुद यह भाषा सीखी है, लेकिन मैं धाराप्रवाह नहीं बोल सकता हूं।

संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकारी संरक्षण के साथ जनता का भी संरक्षण मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए सभी सहमत हैं, लेकिन हमें इसके लिए अपनी बुद्धि और ज्ञान का विकास करना होगा।

## विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः कीर्ति वर्धन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा को लेकर भारत सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि पिछले पांच वर्षों (2020-2024) के दौरान कनाडा में कुल 1,203 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हुई है। राज्यसभा में संत बलबीर सिंह के प्रश्न के लिखित जवाब में कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि इन मौतों में अधिकांश प्राकृतिक कारणों जैसे वृद्धावस्था और बीमारियों के चलते हुईं। हालांकि, कुछ मामलों में अप्राकृतिक कारणों जैसे दुर्घटना, हिंसा, आत्महत्या और हत्या के मामले भी सामने आए हैं। वर्षवार आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2020 में मृतकों की संख्या 120 थी। वर्ष 2021 में 160, 2022 में 198, 2023 में 336 और 2024 में मृतकों का आंकड़ा 389 था। विदेश राज्यमंत्री के अनुसार, इस अवधि के दौरान कनाडा से कुल 757 भारतीयों के पार्थिव शरीर या अस्थियों को भारत लाने में भारतीय मिशनों ने सहायता प्रदान की है। प्रत्येक मामले में भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों और मृतक के परिजनों के संपर्क में रहते हैं, ताकि स्थानीय नियमों के अनुसार दाह-संस्कार अथवा शव को भारत भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस दिशा में सुनियोजित मानक संचालन प्रक्रिया विकसित की है, जिसके तहत विदेशी धरती पर भारतीयों की मृत्यु के बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। खासकर अप्राकृतिक मौतों के मामलों में स्थानीय जांच प्रक्रिया लंबी होने के कारण शव भेजने में अधिक समय लग सकता है।



## हथकरघा स्वावलंबन का प्रतीक, आजादी के अहिंसक आंदोलन का बना था हथियार –शिवराज सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कृषि भवन से देशभर में स्वयं सहायता समूहों की लाखों दीदियों से वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह ने कहा कि महिलाएं, शक्ति का स्वरूप और रचनात्मकता का अद्वितीय उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि हथकरघा स्वावलंबन का प्रतीक है। हथकरघा, आजादी के अहिंसक आंदोलन का हथियार भी रहा। हजारों साल पहले से हमारे ग्रामीण कारीगरों की अद्भुत कला ने ना केवल भारत बल्कि दुनिया के देशों में अपनी पहचान स्थापित की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों के अद्भुत कौशल ने स्थानीय कला और संस्कृति को जीवंत करने का बड़ा काम किया है। उनकी रचनाएं भारत की सांस्कृतिक पहचान स्थापित करने और लोक कलाओं को अभिव्यक्त करने का माध्यम बनी हैं।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मार्केटिंग और ब्रांडिंग को लेकर बहनों द्वारा कुछ विषय संज्ञान में लाए गए हैं, जिन पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज का समय डिजाइन की मांग पर आधारित है, इसी दिशा में प्रशिक्षण को लेकर आगे कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता सदैव उच्च बनाने रखने का भी आह्वान किया।



शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। प्रधानमंत्रीजी ने स्वदेशी उत्पाद अपनाने का मंत्र दिया है। आज प्रधानमंत्री ने यह फिर से स्पष्ट किया कि दुनिया में कोई भी समझौता देश के किसानों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को नजरअंदाज करके नहीं किया जाएगा। हमारे लिए राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं, उससे समझौता बिल्कुल नहीं होगा, चाहे उसके लिए उन्हें स्वयं व्यक्तिगत क्षति ही क्यों ना उठाना पड़े। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के यह शब्द ऊर्जा का संचार करने वाले हैं। यह विकसित भारत की संकल्पना को बल देते हैं, इसलिए हम सभी को भी राष्ट्र प्रथम के भाव को ऊपर उठाते हुए, अपने ही देश में निर्मित उत्पादों की ओर रूख करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री चौहान ने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह मिशन प्रधानमंत्री मोदी के हृदय के भी बेहद करीब है। अब तक देश में डेढ करोड़ से ज्यादा दीदियां लखपति बन चुकी हैं। 2 करोड़ लखपति दीदियां बनाने की दिशा में हम अग्रसर है और जल्द की इस मिशन के तहत 3 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने के लक्ष्य की पूर्ति कर ली जाएगी। स्वेदशी अपनाने के संकल्प को दोहराते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने देशवासियों से आह्वान किया कि आबादी को ही ताकत में बदलने का काम करें। रक्षाबंधन एवं आगामी अन्य उत्सवों व त्योहारों में देश में निर्मित उत्पादों का ही प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से यही संदेश देना चाहता हूं कि हम राष्ट्र प्रथम के भाव को ऊपर रखते हुए तय करें कि देश में बना हुआ समान ही खरीदेंगे।

## देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में अबतक 53.91 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

एजेंसी

**रांची।** देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। शुक्रवार तड़के 04:09 बजे से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। सभी श्रद्धालुओं को बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण कराया जा रहा है। सभी कांवड़िए कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण कर रहे है। कांवड़िये सुल्तानगंज से जल लेकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलार्पण करते हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सावन मेला में अब तक कुल 53 लाख 91 हजार 871 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जर्लापण किया है। देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे हैं। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग मंदिर परिसर और रूट लाइन का जायजा ले रहे हैं। एसपी ने बताया कि



मंदिर और मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट और 9650 पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सीआरपीएफ की चार कम्पनी, दो एसपी, एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि मेला में 101 स्थानों पर श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था की गयी है। मेला में कुल 81चिकित्सकों और पारा 449 मेडिकल स्टाफ को लगाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए 50 एम्बुलेंस लगाए गए हैं।

अब तक मंदिर को 7,36,44,295 रूपये आय के रूप में प्राप्त हुए हैं। मंदिर और मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 765 सीसीटी कैमरा, 200 एआई कैमरा और 10 ड्रॉन कैमरा कार्यरत हैं। वहीं, इस श्रावणी मेला में ऑनलाईन चैट बोर्ड क्यूआर कोड से प्राप्त 782 शिकायतों का निष्पादन किया गया।

## आरजी कर पीड़िता के पिता का गंभीर आरोप- सीबीआई निदेशक ने मामला छोड़ देने को कहा

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पिछले वर्ष 9 अगस्त को महिला चिकित्सक से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भूमिका को लेकर पीड़िता के माता-पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि सीबीआई निदेशक ने स्वयं मामले से हाथ खींचने की बात कही है। दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के निदेशक से मिलने के बाद कोलकाता लौटे पीड़िता के पिता ने बताया कि वे दिल्ली गए थे, जहां सीबीआई निदेशक से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा, ÷सीबीआई निदेशक खुद कह रहे हैं कि इस मामले को छोड़ देंगे।÷ उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अदालत को यह जानकारी देने की बात कही है, क्योंकि जांच का आदेश अदालत ने ही दिया था।

पीड़िता के माता-पिता ने बताया कि दिल्ली यात्रा के दौरान उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात नहीं हो पाई। शाह ने मिलने के लिए जो तारीख दी थी, उतने दिन दिल्ली में रुकना उनके लिए संभव




नहीं था। गौरतलब है कि इस मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। हालांकि, पीड़िता के परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के पीछे अन्य लोग भी शामिल हैं और वे लंबे समय से सभी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले की पहली बरसी पर कोलकाता में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों की भी तैयारी हो रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को आपराधिक मामले से अलग रखने वाला अपना आदेश लिया वापस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। उच्च न्यायालय के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा, हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौपा जाए। ये निर्देश (शीर्ष अदालत का) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की प्रशासनिक शक्ति में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं करते हैं। पीठ ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जब मामले कानून के शासन को प्रभावित करते हैं, तो यह न्यायालय सुधारात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।पीठ ने कहा, हालांकि, जब मामला एक हद पार कर जाता है।? जब संस्था की गरिमा खतरे में पड़ जाती है तो अपीलीय क्षेत्राधिकार में भी हस्तक्षेप करना अदालत का संवैधानिक कर्तव्य बन जाता है।

## व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा की तिथियां तय नहीं- विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।**सरकार ने आज स्पष्ट किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा का कार्यक्रम अगस्त में नहीं है। मास्को में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु के साथ हुई बैठक के बाद आयी रिपोर्टों में कहा गया था कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तारीख तय हो गयीं हैं और वे अगस्त के आखिर में भारतआएंगे।



सूत्रों ने इन रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर काम चल रहा है। श्री डोभाल ने अपनी बैठकों में कोई निश्चित तारीख या समय नहीं बताया है। अगस्त के आखिर का जो समय बताया जा रहा है, वह गलत है। उल्लेखनीय है कि श्री डोभाल और श्री सर्गेई शोइगु के बीच हुई बैठक में रूसी शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने भारत-रूस के 'मजबूत और समय की कसौटी पर खरे उतरे दोस्ताना संबंधों' की सराहना की। बैठक का उद्देश्य ऊर्जा और रक्षा साझीदारी को मज़बूत करना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। शोइगु से बात करते हुए श्री डोभाल ने कहा कि भारत सरकार रूसी राष्ट्रपति की आगामी यात्रा को लेकर 'उत्साहित और प्रसन्न' है। इसके आधार पर ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई थी कि अगस्त में पुतिन भारत आ सकते हैं।

## बिजली चोरी करते पकड़े गए

28 लाख का लगाया जुमार्ना

**देश का दर्पण,. दैनिक अखबार न्यूज रिपोर्टर,, राकेश कोठेनिया हलेना**



**भरतपुर.==** जयपुर विद्युत वितरण निगम ने विद्युत चोरी में लिप्त गांव सांतरूक, कारौठ, बाघई, पीपला, जाटोलीरथभान में 72 लोगों को चोरी करते हुए पाया गया एवं सतर्कता कायार्वाही करते हुये 28 लाख 4 हजार रुपए का जुमार्ना किया गया। अधीक्षण अभियंता रामहेत मीणा ने बताया कि डिस्कॉम द्वारा भारी पुलिस जाब्ता के साथ तड़के इन गांवों में दबिश दी गई, विभाग की लगभग 16 गाड़ियों में अधिकारियो ने कार्यवाही को अंजाम दिया। उच्च अधिकारीयों के निदेर्शों की पालना में ऐसे गांव को चिन्हित कर कार्यवाही की जा रही है जहाँ पर अधिक विद्युत छीजत है। उन्होंने बताया कि लोगो ने टीमों को देखकर खुद ही अनाधिकृत जम्पर उतारने लगे। निगम कर्मचारियों द्वारा भारी मात्रा में अवैध केबल जब्त की गई और बिजली चोरों पर कार्यवाही की गई।

## 8 साल से फरार चल रहे 2000 रुपये का इनामी बाल अपचारी को किया दस्तयाब

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा क्धर ने बताया कि श्रीमान पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार जिला जयपुर उत्तर में वांछित अपराधी यथा (स्थाई वारण्टी, उद्घोषित अपराधी एंव मफरुर 299 सीआरपीसी भगोडो) की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाकर समस्त थानाधिकारियों निर्देश को दिये गये थे। अपराधियों की धरपकड हेतु श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित एडीसीपी नार्थ प्रथम, श्री पीयूष कविया एसीपी माणकचौक के निर्देशन में श्री धर्मसिंह धानाधिकारी माणक चौक के नेतृत्व में श्री सुरेश कुमार स.उप नि. 2.श्री गिरधर सिंह कानि, श्री ओमप्रकाश कानि, श्री अनिल कानि., श्री गणेश कानि. की पुलिस टीम का गठन किया गया। गठीत टीम के सदस्य श्री 2. श्री गिरधर सिंह कानि. 8123 द्वारा विशेष रुप से वांछित अपराधियों पर नजर रखते हुये एवं अपने व्यवसायिक कौशल का उपयोग करते हुये 8 साल से फरार चल रहे 2000 रुपये का इनामी बाल अपचारी को दस्तयाब कर न्यायालय अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड जयपुर प्रथम के समक्ष पेश किया गया है।

## पुलिस थाना माणक चौक की कार्यवाही में एक इलेक्ट्रीक स्कुटर बरामद

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा IPS ने बताया कि जयपुर उत्तर के थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी व अन्य वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं माल मशरुका बरामदगी हेतु दिशा निर्देश समस्त थानाधिकारियों को दिये गये थे। उक्त घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की धरपकड हेतु डां. श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित एडीसीपी नार्थ प्रथम, श्री पीयूष कविया एसीपी माणकचौक के निर्देशन में श्री धर्मसिंह थानाधिकारी माणक चौक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। अपराधियों की धरपकड हेतु थाना क्षेत्र में वाहन चोरी के हॉट स्पॉट चिन्हित कर सादावस्त्रों में स्पेशल टीम के श्रीमति सोनम अग्रवाल उप निरीक्षक, श्री गिरधर सिंह कानि 8123, श्री महेश कुमार कानि. 10719 को मामूर किया गया। स्पेशल टीम द्वारा विशेष रूप से असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुये एवं अपने व्यवसायिक कौशल का उपयोग करते हुये वाहन चोर को दस्तयाब किया। अपराधी से पूछताछ के उपरान्त उसके कब्जे से 01 चोरी की इलेक्ट्रीक स्कुटर बरामद किया गया है। परिवादी श्री सोनु शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा जाति ब्राह्मण उम्र 31 वर्ष निवासी म.नं. 1851, पुलन्दरजी की गली चौडा रास्ता पुलिस थाना माणक चौक जयपुर ने एक रिपोर्ट दी कि दिनांक 17.05. 2025 को सुबह चौडा रास्ता में दुकान संख्या 357 के बाहर फुटपाथ पर मैं अपनी TVS Iqube स्कूटर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर RJ14ZK8887 है को खड़ी करके काम से गया हुआ था जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 133/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीबद्ध कर माल मुल्जिमान की तलाश शुरू की गई। बरामद स्कूटर RJ14ZK8887 TVS Iqube जिसके सम्बन्ध में थाना नाणकचौक पर मुकदमा नंबर 133/2025 दर्ज है।

## पुलिस थाना मौजमाबाद ने महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी राजेन्द्र को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 26.07.2025 को परिवादिया ने पुलिस थाना मौजमाबाद पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की दिनांक 22.07.2025 को आरोपी राजेन्द्र वर्मा शाम को हमारे घर पर आया और रात्री को 11:30 बजे मेरे कमरे में आकर जबरदस्ती करने लगा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ बलात्कार किया। आदि पर अभियोग पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान शुरू किया गया। मामला महिला अपराध से संबंधित होने से प्रकरण में वांछित फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी मौजमाबाद श्री उमराव सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए फरार आरोपी राजेन्द्र वर्मा को दिनांक 07.08.2025 को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपी ने घटना कारित करना बताया जिस पर आरोपी को दुष्कर्म के मामलें में गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी से प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# पुलिस थाना सदर जयपुर पश्चिम द्वारा शादी का झांसा देकर देहशोषण के मामले में 02 अलग-अलग प्रकरणों में 02 अभियुक्त गिरफता

**देश का दर्पण न्यूज**

श्री हनुमान प्रसाद मीणा आई.पी.एस पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि पुलिस थाना सदर जयपुर पर दिनांक 19-05-2025 को परिवादीया निवासी हसनपुरा जयपुर द्वारा दर्ज करवाया गया कि मुझसे मनीष सिंह सागर निवासी हसनपुरा ए जयपुर द्वारा जरिये फोन कर सोशल मिडिया द्वारा दोस्ती करके प्रेमजाल में फंसा लिया तथा शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बना लिये तथा मेरे से रुपये व गहने मी प्राप्त कर लिये तथा अब मेरे रुपये व गहने नहीं लौटा रहा है तथा शादी करने से इंकार कर दिया है। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 174/2025 दर्ज कर अनुसंधान श्री लक्ष्मी नारायण पुलिस निरीक्षक थानाविकारी द्वारा किया गया। पुलिस थाना सदर जयपुर पश्चिम पर ही दिनांक 15-05-2025 को परिवादीया निवासी खातीपुरा रोड हसनपुरा रोड जयपुर द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष परिवाद पेश कर दर्ज करवाया गया कि दिसम्बर 2019 में शोयेब चौधरी पुत्र सदाकत अली निवासी अमरोहा उत्तरपद्रेश से जान पहचान होने पर दोस्ती कर ली तथा पहौस में ही किराये से मकान लेकर रहने लग गया । परिवादीया को घर पर अकेला देखकर आने जाने लगा तथा निकाह का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बना लिये तथा गर्भवती होने पर जबरन गर्मपात करवा दिया। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 169/2025 दर्ज कर अनुसंधान श्री लक्ष्मीनारायण पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सदर जयपुर पश्चिम द्वारा किया गया। महिला अत्याचार संबंधित प्रकरणों में पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा प्राप्त दिशा निदेर्शों की पालना में



व जिला जयपुर पश्चिम का मॉडल जिले के रुप में चयनित होने पर श्री आलोक सिंघल अति. पुलिस उपायुकत जयपुर पश्चिम के सुपरविजन में श्री धर्मवीर सिंह एसीपी सदर जयपुर के निर्देशन में श्री लक्ष्मीनारायण पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सदर जयपुर मय श्री दिनेश कुमार उनि, श्री गौरीशंकर कानि 3909, श्री इन्द्राजमल कानि 6094, श्री सतीश कुमार कानि 7581, श्री राजेन्द्र सिंह कानि 8213, श्री राकेश कुमार कानि 9993, श्री सुरेन्द्र सिंह कानि 6321, श्री महेन्द्र सिंह कानि 7867 की टीम गठित की गयी। टीम द्वारा आरोपीयों के संबंध में जानकारी करने पर प्रकरण संख्या 174/2025 में वांछित आरोपी को तकनीकी रूप से तलाश कर मनीष सिंह सागर पुत्र श्री अमर सिंह सागर उम्र 19 वर्ष निवासी गांव अरतोनी ताजगंज पुलिस थाना ताजगंज आगरा यू.पी. हाल किरायेदार मुन्ना खाँ का मकान हनुमान जी का मन्दिर के पास मेहरो की बस्ती हसनपुरा ए पुलिस थाना सदर जयपुर पश्चिम को दस्तयाब कर पूछताछ की जाकर प्रकरण हाजा में अपराध धारा 69, 316 (2) बीएनएस 2023 साबित पाये जाने पर गिरफतार किया गया। प्रकरण संख्या 169/2025 में वांछित आरोपी मौहम्मद शोयेब के संबंध में गठित टीम द्वारा तकनीकी मदद व आसूचनाआठे के आधार पर वर्तमान में जिला अमरोहा उत्तरप्रदेश से जयपुर आना पाया जाने पर टीम द्वारा आरोपी मोहम्मद शोवेब पुत्र श्री मोहम्मद सदाकत जाति शेखजाद मुसलमान उम्र 29 साल निवासी तेलीपुरा मोहल्ला बछरायू पुलिस थाना बछरायू तहसिल धनौरा जिला अमरोहा यू.पी. हाल किरायेदार लला खान का मकान मजदुर नगर मस्जिद के पास कच्ची बस्ती हसनपुरा पुलिस थाना सदर जयपुर पश्चिम को दस्तयाब किया गया।

आरोपी से पूछताछ करने पर अपराध धारा 376 (2) (ल्ल), 313 आईपीसी का अपराध बखूबी साथित पाया जाने पर गिरफतार किया गया।

जयपुर पश्चिम पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा मॉडल जिले के रुप में चयनित करने पर प्रकरणों की मॉनिटरिंग कर गठित टीम द्वारा महिला अत्याचार के प्रकरणों में वांछित आरोपीयों को दस्तयाब किया गया है।

## "जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में" कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,08 अगस्त 2025 शुक्रवार को** "जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में" कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, सिवान डॉ आदित्य प्रकाश जिला के वरीय पदाधिकारीगणों के साथ उपस्थित रहें।



जिला पदाधिकारी ने लगभग 54 से अधिक व्यक्तियों के मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त परिवादपत्रों की जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा अपर समाहर्ता, भूमि उपसमाहर्ता सिवान सदर एवं महाराजगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, सिवान, सदर संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच कराने का भी जिम्मा दिया गया है।

जनता दरबार में परिवादकर्ता गण ने भूमि विवाद,आपसी बंटवारा,अतिक्रमण,जमीन संबंधी दिक्कते, कल्याण,बैंकिंग, शस्त्र, स्वास्थ्य,नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग, विद्युत वरीय पदाधिकारी के कार्यालय आदि से संबंधित आवेदन दिए। जमीन से संबंधित मामलों पर प्राप्त सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए।

जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। ताकि मामलों का निस्तार हो सके

इसके साथ ही प्राप्त कई परिवाद पत्र पर वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है।

साथ ही जांच पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी महोदय ने निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करें।

जांच के क्रम में कर्मी/ पदाधिकारी के दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रेषित करें।

जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करें।साथ ही जिला पदाधिकारी महोदय ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के द्वारा 16 अगस्त से प्रारंभ होने वाले राजस्व महा-अभियान की जानकारी देते हुए इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने को भी कहा

## महिला कालिका पैट्रोलिंग टीम कँप कालाडेरा की बड़ी कार्रवाई

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र-स्कुलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड वाले क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम हेतु कालिका पैट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है जिसके तहत जिला जयपुर ग्रामीण में प्रत्येक सर्किल स्तर पर महिला सुरक्षा एवं अपराध की रोकथाम के लिए कालिका यूनिट तैनात की गई हैं। इसी कम में आज दिनांक 08.08.2025 को अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (SIUCAW) श्री बृजमोहन मीणा के सुपरविजन में तथा वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड के नेतृत्व में सर्किल गोविन्दगढ में तैनात पुलिस कालिका पैट्रालिंग यूनिट ने स्कुलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करते हुए कस्बा कालाडेरा सरकारी स्कूल राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय कालाडेरा में स्कूल कि बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर भागते हुए एक मनचले रवि नायक को डिटेन कर पुलिस थाना कालाडेरा को सुपुर्द किया जिस पर थानाधिकारी कालाडेरा द्वारा अग्रिम कार्रवाई करते हुए मनचले रवि नायक पुत्र गोपाल जाति नायक निवासी सरकारी स्कूल के पास कालाडेरा जिला जयपुर ग्रामीण को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया है।

महिला कालिका पैट्रोलिंग यूनिट महिलाओं की सुरक्षा के लिए मनचलों पर त्वरित कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारीगण की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई




**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान ,जिले में 08 अगस्त 2025** को जिला पदाधिकारी सिवान, डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना पदाधिकारीगण की मासिक समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते हुए बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का सुचारू रूप से संचालन करवाया जाए।

अनियमितता पाये जाने पर विभागीय दंड निरुपण के तहत सेविका/सहायिका/महिला पर्यवेक्षिका/ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी पर आवश्यक कार्रवाई सक्षम प्राधिकार के तहत द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

आंगनबाड़ी केन्द्र के लाभुक को ऋफर. के माध्यम से लाभ दिया जाना है। इस दिशा में जिला पदाधिकारी के द्वारा सिवान जिला की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई।प्रगति धीमी है फलतः T.H.R./H.C.M/PMMVY आदि योजना की अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है।

जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा इसमें अपेक्षित प्रगति लाने हेतु सख्त दिशा- निर्देश दिया गया। साथ ही स्त्रे५८ में लंबित आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई कर भुगतान कराने का निर्देश दिया गया।

जिले में SAM/MAM बच्चों की पहचान कर बच्चों की ससमय लंबाई / वजन लेने एवं कुपोषण / नाटापन दूर करने हेतू माताओं को परामर्श देने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश दिया गया।

सक्षम आंगनबाड़ी केंन्द्र हेतु प्राप्त आंवटन का व्यय नियमानुकूल एवं शीघ्र करने का आदेश दिया गया। जिससे बच्चों / अभिभावकों को आंगनवाड़ी केन्द्र से जोड़ने में सहुलियत हो। बच्चों में स्कूल पूर्व शिक्षा की गतिविधि बढ़ाई जा सके। पुनः एक पक्ष के अंदर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा की जाएगी। इस अंतराल में विभागीय निर्देश के आलोक में प्रगति हो सके। इस आशय के साथ बैठक समाप्त की गई।

## पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया सम्मान व समर्पण दिवस

**सुरज वर्मा**



शक्करगढ़ प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार 8 अगस्त से 10 अगस्त के बीच रक्षाबंधन पर्व मनाने के क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निदेर्शानुसार 8 अगस्त शुक्रवार को शक्करगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मराज मीना के मुख्य आतिथ्य व भाजपा की महिला कार्यकताओं द्वारा शक्करगढ़ थाने में पुलिस कर्मियों को भाजपा महिला कार्यकताओं ने रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया गया एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान व समर्पण दिवस मनाया गया इस दौरान पूजा देवी सेन ,लाली देवी सेन , रिंकू मीना , सरोज सेन ,मीरा देवी मीना सहित भाजपा की महिलाए मोजूद रही

## रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और कर्तव्यबोध का प्रतीक, प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं:— मदन राठौड़

**जयपुर, 08 अगस्त 2025।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की भूमिका, मतदाता सूची, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्याय प्रक्रिया और सामाजिक समरसता पर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। राठौड़ ने रक्षाबंधन पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। भाजपा घर-घर तिरंगा अभियान चला रही है, जिससे हर नागरिक में देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जागृत हो। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल सत्ता पक्ष तक सीमित नहीं होनी चाहिए, विपक्ष में भी यही भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता का उत्सव है जिसे पूरे उल्लास से मनाया जाता है। इसके एक दिन पहले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाकर हम यह संदेश देना चाहते हैं कि देश को दोबारा वैसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। जनता को संगठित रहकर राष्ट्र की अखंडता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम एकजुट नहीं हुए, तो बंगाल जैसे हालात देश के अन्य हिस्सों में भी पैदा हो सकते हैं। राठौड़ ने जनता से अपील की कि वह राष्ट्रभक्ति, एकता और विकास के पथ पर संगठित होकर आगे बढ़े और भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विधानसभा सत्र में विपक्ष ने बार-बार हंगामा कर सदन का कीमती समय बर्बाद किया और कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा से दूर रहे। विशेष रूप से एसआईआर को लेकर विपक्ष का रवैया निराशाजनक रहा। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया है, जिसमें नए मतदाता जोड़े जाते हैं और कुछ नाम हटाए जाते हैं। इस पर आपत्ति जताना केवल जनभावनाओं को भटकाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत में कौन शासन करेगा, यह भारत का नागरिक तय करेगा। बाहरी घुसपैठियों, विशेषकर रोहिंग्याओं के मतदाता सूची में नाम जोड़ने की घटनाएं पूर्वोत्तर और असम में चिंता का विषय हैं। इस पर राहुल गांधी को संजीदगी से विचार करना चाहिए, न कि संसद में हंगामा करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी ऐसे विषयों पर जिम्मेदारीपूर्ण बयान देने चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर स्पष्ट किया कि भाजपा न्याय प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करती। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सवाल उठा रही है, तो उन्हें यह भी जवाब देना चाहिए कि आतंकी कसाब को सजा दिलाने में देरी क्यों हुई और किसने उसे बचाने की कोशिश की थी।

## मोदी सरकार की स्वास्थ्य क्रांति, 1.78 लाख आयुष्मान आरोग्यम मंदिरों से गांव-गांव पहुंच रही है गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा: मदन राठौड़

**जयपुर, 08 अगस्त 2025।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि देशभर में 1 लाख 78 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्यम मंदिर संचालित हैं। इनके माध्यम से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें संचारी और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, प्रसव पूर्व और प्रसव बाद देखभाल, उपचारात्मक सेवाएं, स्वास्थ्य जागरूकता और पुनर्वास जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सदन में यह जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर स्क्रीनिंग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान कर मरीजों को समय रहते प्राथमिक और उच्चतर केंद्रों में रेफर किया जा रहा है। अब तक 33.53 करोड़ रक्तचाप, 32.18 करोड़ मधुमेह, 30.04 करोड़ मुख कैंसर, 14.08 करोड़ स्तन कैंसर और 7.53 करोड़ गर्भाशय ग्रीवा कैंसर



की स्क्रीनिंग हो चुकी है। आयुष्मान आरोग्यम मंदिरों में उपलब्ध टेली-परामर्श सेवाओं के जरिए देशभर के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से 38.13 करोड़ से अधिक मुफ्त ऑनलाइन परामर्श उपलब्ध कराए गए हैं।

यह सुविधा विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हुई है जहां विशेषज्ञ चिकित्सक की पहुंच कठिन है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि अब तक 5.79 करोड़ स्वास्थ्य संगोष्ठियां आयोजित की गई हैं, जिनमें नागरिकों को निवारक स्वास्थ्य, जीवनशैली सुधार और रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया है।

## सेहतमंद बनने की ओर एक कदम - होलिस्टिक फिटनेस इवेंट 15 अगस्त को

**जयपुर, 08 अगस्त:** इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जयपुर न केवल अपने राष्ट्रीय की आजादी मनाएगा, बल्कि ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव (एआईएसी) द्वारा आयोजित होलिस्टिक फिटनेस इवेंट में अपनी आंतरिक शांति और स्वास्थ्य की ओर एक कदम भी बढ़ेगा। जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित एक होटल में राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर, दिया कुमारी और फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ, जगदीश चंद्र कातिल इस कार्यक्रम के उद्धघाटन सत्र में शामिल



होंगे। यह कार्यक्रम पारंपरिक और आधुनिक उपचार पद्धतियों को मिलाकर एक गहन अनुभव प्रदान करेगा। इसमें वाटर आइस थेरेपी, साउंड बाउल हीलिंग, म्यूजिक व डांस थेरेपी, क्लिपिंग थेरेपी, और योग एवं ध्यान जैसी सेशन शामिल होंगे जो शरीर, मन और आत्मा को पुनः ऊर्जा देने के लिए तैयार किए गए हैं। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में युवा उद्यमियों का टॉक शो और एक सम्मान समारोह भी शामिल हैं। कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, साथ ही जागरूक जीवनशैली और सामूहिक विकास को बढ़ने और जैविक उत्पाद स्टॉल, होलिस्टिक परामर्श और इको-फ्रेंडली गिवअवे इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर स्थित परिहारों की ढाणी में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**जयपुर,8 अगस्त।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर जिले की धवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लुणावास खारा स्थित परिहारों की ढाणी में ह्यमुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियाळो राजस्थानह्न के तहत पौधारोपण कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। श्री पटेल ने मामाजी मंदिर में भामाशाहों द्वारा निर्मित जल मंदिर मय टांका एवं हॉल और मोक्षधाम में जलमंदिर का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने मामाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के खुशहाली की कामना की ।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में एक नई हरित क्रांति का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा 'हरियाळो राजस्थान' पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह अभियान अब एक व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है जिसमें सभी प्रदेशवासी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। महज चार महीनों में ही 7 करोड़ 77 लाख से अधिक पौधारोपण




किया जा चुका है, जो प्रदेश के ग्रीन कवर को बढ़ाने की दिशा में एक दूरगामी और प्रभावशाली कदम है।

**युवाओं के लिए 4 लाख सरकारी नौकरी—**

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार 75 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। 81 हजार से अधिक पदों के लिए परीक्षा कैलेण्डर और 26 हजार भर्तियों के विज्ञापन जारी हो चुके हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना सुनिश्चित करेगी।

श्री पटेल ने कहा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना में 17 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया तथा बेटियों को 33 हजार स्कूटी और साढ़े दस लाख साइकिलों का वितरण किया गया है।

**गिव अप अभियान को मिल रही सफलता—**

श्री पटेल ने कहा प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र खाद्य सुरक्षा से वंचित नहीं रहे।

## पशुपालन मंत्री ने किया नागरिक सहकारी बैंक का शुभारंभ



**जयपुर, 8 अगस्त।** पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को पाली रोड, सुमेरपुर में नागरिक सहकारी बैंक की शाखा का शुभारंभ किया। श्री कुमावत ने शाखा का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को बताया कि निजी बैंकिंग सेक्टर का यह विस्तार वित्तीय समावेशन के केन्द्र सरकार के मिशन में सहायक सिद्ध होगा। यह स्थानीय नागरिकों और व्यावसायिक वर्ग के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा। ऐसी शाखाएं न केवल बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती हैं बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बैंकिंग व्यवहार की गुणवत्ता पर बल दिया व कहा कि यदि बैंक और ग्राहक के बीच तालमेल बेहतर होगा तो विश्वास भी बनेगा और ग्राहक लंबे समय तक जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी,एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिना किताबों के टेस्ट देने को मजबूर सरकारी स्कूलों के छात्र - मुहम्मद नाज़िमुद्दीन।



**8 अगस्त 2025,** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पहली से छठी कक्षा तक के छात्रों को डेढ़ महीने बाद भी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध न होने पर जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने गहरी चिंता व्यक्त की है। शिक्षा विभाग की लापरवाही और देरी के कारण लाखों छात्र बिना किताबों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिसका सीधा असर उनकी शैक्षिक प्रगति पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, "शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मूलभूत अधिकार है, और यह बेहद चिंताजनक है कि सरकारी स्कूलों में डेढ़ महीने बाद भी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। जिन स्कूलों में किताबें पहुंची हैं, वहां भी केवल 50% बच्चों को ही अधूरी पाठ्यपुस्तकें मिली हैं। शिक्षा विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा हमारे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जो 18 से 20 अगस्त तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए बिना किताबों के तैयारी करने को मजबूर हैं। कई स्कूलों में बच्चों को ऑनलाइन लिंक से अध्याय डाउनलोड करने की सलाह दी गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और संसाधनों की कमी के कारण अव्यवहारिक है।

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, राजस्थान सरकार से तत्काल मांग करता है कि: सभी सरकारी स्कूलों में तुरंत पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएँ। किताबों की कमी को दूर करने के लिए आपातकालीन उपाय किए जाएँ और भविष्य में ऐसी लापरवाही से बचने के लिए समयबद्ध योजना बनाई जाए। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट होकर बच्चों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए आगे आएँ।

# सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर ने किया बठिंडा एवं लालगढ़ जट्टान सैन्य स्टेशनों का दौरा

**जयपुर, शुक्रवार,08 अगस्त 2025.**

लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने बठिंडा एवं लालगढ़ जट्टान सैन्य स्टेशन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने फॉर्मेशन्स की ऑपरेशनल प्रिपेयर्डनेस, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा ऑपरेशनल लॉजिस्टिक पहलुओं की समीक्षा की।

आर्मी कमांडर ने ड्रोन एवं काउंटर ड्रोन प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, अत्याधुनिक प्रशिक्षण अवसंरचना का निरीक्षण किया तथा ड्रोन्स के नवाचारी उपयोग के प्रदर्शन देखे। उन्होंने टास्क-ओरिएंटेड, रीयलिस्टिक ट्रेनिंग पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उभरती हुई



अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने एआई, ड्रोन और साइबर क्षमताओं सहित विशिष्ट प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न लॉजिस्टिक सपोर्ट यूनिटों का दौरा किया, जिनमें ऑटोमेटेड वेयरहाउस एवं विस्फोटक सामान भंडार शामिल थे।

आर्मी कमांडर ने इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी अब्सॉर्प्शन प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें रचनात्मक एवं नवीन विचार प्रदर्शित किए गए थे। उन्होंने इन तकनीकी पहलों की सराहना की और भारतीय सेना के तकनीक-संचालित परिवर्तन में तेजी लाने के लिए और अधिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी रैंकों के साथ बातचीत की और उन्हें आह्वान किया कि सभी रैंकों को तकनीकी प्रगति, उभरते साइबर खतरों के नवीनतम रुझानों से खुद को अवगत रखना चाहिए और भौतिक या साइबर डोमेन में किसी भी खतरे के लिए प्रथम रेस्पॉन्डर्स के रूप में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने सभी रैंकों के कार्य की सराहना की तथा राष्ट्र के प्रति उनके अडिग संकल्प और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

## आउटसोर्स कर्मचारियों को 15 महीने से वेतन नहीं

**मौर मंडी फायर स्टेशन**



**मौर मंडी, 8 अगस्त :( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** फायर ब्रिगेड स्टेशन मौर मंडी के अध्यक्ष कुलजिंदर सिंह ने बताया कि हम मौर मंडी फायर स्टेशन के कर्मचारी, ड्राइवर और फायरमैन, 24 घंटे शिफ्टों में पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। ज्यादातर कर्मचारी 100-200 किलोमीटर दूर से ड्यूटी पर आते हैं। हमें मई 2024 से जुलाई 2025 तक 15 महीने से कोई वेतन नहीं दिया गया है। वेतन सिर्फ. 10000 (दस हजार) रुपये है। हम गुजारा भी नहीं कर पा रहे हैं और हमारे लिए गुजारा करना बहुत मुश्किल है। हम एडीसी महोदय, विधायक महोदय, एसडीएम महोदय, ईओ नगर परिषद मौर से मिले, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। हम आज 8-8-2025 को नगर परिषद मौर में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। जब तक हमारे वेतन का समाधान नहीं होता, तब तक ऐसा ही होता रहेगा।

## एसपी आस्था मोदी ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** आज रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व संध्या पर शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल तथा आरकेएसडी स्कूल कैथल की छात्राएं पुलिस अधीक्षक कैंप ऑफिस में पहुंची। कार्यालय में मौजूद एसपी आस्था मोदी को छात्राओं द्वारा कलाई पर राखी बांध कर मिठाई खिलाते हुए रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान एसपी ने भी बच्चो के साथ काफी समय बिताया और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाना काफी खास रहा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चों के बीच पुलिस की एक बेहतर छवि बनाई जाए। इस मौके पर सभी छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप्प तथा हेल्पलाइन नंबर डायल 112 बारे जागरूक किया गया तथा बताया गया कि किसी भी डिवाइस पर ऑनलाइन क्लास, या ऑनलाइन गेम खेलते समय कोई भी एप्प डाउनलोड न करे तथा ओटीपी को शेयर न करे। उन्हें बताया गया कि उपरोक्त नंबर किसी भी समस्या के वक्त फौरन डायल करें। एसपी ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं को संयुक्त रूप से दर्शाने का काम करते हैं। एसपी द्वारा सभी जिला वासियों को रक्षाबंधन के त्यौहार की बधाई दी गई

## गांजा फूल पत्ती सप्लाई करने वाला आरोपी थाना ढांड पुलिस द्वारा गिरफ्तार



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए थाना ढांड पुलिस के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा गांजा फूल पत्ती सप्लायर आरोपी माधोपुर जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी संजय कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 जुलाई 2024 को एंटी नारकोटिक सेल के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा रानीगंज जिला पटना बिहार निवासी धर्मेंद्र अनाज मंडी ढांड के सामने एक घर से काबु किया गया था। जिसके कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई थी। । जिस बारे थाना ढांड में दर्ज मामले की आगामी जांच एसआई जोगिंद्र सिंह द्वारा करते हुए खुलासा हुआ कि धर्मेंद्र को यह गांजा फुल पत्ती संजय कुमार उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी संजय पहले से ही नशा तस्करी के मामले में कैथल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे।

## कृषि विभाग की 16 निगरानी टीमें लगातार खेतों का सर्वेक्षण कर रही हैं

**फाजिल्का 8 अगस्त :( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

फाजिल्का जिले में कपास की फसल को सफल बनाने के लिए, कृषि विभाग द्वारा कपास की फसल पर कीटों के हमले के संबंध में 16 निगरानी टीमों द्वारा सप्ताह में दो बार (सोमवार और गुरुवार) लगातार खेतों का सर्वेक्षण किया जा रहा है और साथ ही किसानों को फसल के संबंध में आवश्यक सलाह भी दी जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. राजिंदर कंबोज ने



बताया कि आज जिला स्तर पर ब्लॉक स्तरीय टीमों द्वारा खेतों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें अब तक के सर्वेक्षण में पत्तों पर सफेद मक्खी और हरे फुदके की संख्या आर्थिक नुकसान के स्तर से नीचे आ गई है। जिन किसानों के खेतों में कीटों की संख्या थोड़ी बढ़ रही है, उन्हें लगातार खेतों का सर्वेक्षण करने की सलाह दी गई है।

मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि यदि आवश्यक हो तो पंजाब कृषि विश्वविद्यालय की सिफारिशों के अनुसार सफेद मक्खी की रोकथाम के लिए क्लास्टो 20 डब्ल्यूजी (पाइरीफ्लुक्विनाजोन) 200 ग्राम या सफीना 50 डीसी (एफिडपाइरोपिन) 400 मिली या ओसियन 20 एसजी (डाइनोटेफ्यूरान 60 ग्राम या पोलो 50 डब्ल्यूपी (डायफेन्थूरोन) 200 ग्राम या लेनो 10 ईसी (पाइरीप्रोक्सीफिन) या ओबेरेन 22.9 एससी (स्पर्मेसिफिन) 200 मिली या ओलाला 50 डब्ल्यूजी (फ्लोनिकैमिड) 80 ग्राम या डेंटोट्सू 50 डब्ल्यूजी (क्लोबियानडिन) 20 ग्राम या फॉस्माइट 50 ईसी (एथियन) 800 मिली आदि का प्रति एकड़ बारी-बारी से छिड़काव किया जा सकता है।

## मंदिर से मूर्तियां हुई चोरी, सुबह साधु वेश में आए व्यक्ति ने लौटा दी तीन मूर्तियां

**बलिया 8 अगस्त (पीएमए)** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागरपाली बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से बीती रात पीतल और चांदी की मूर्तियां चोरी हो गईं। शुक्रवार की सुबह जब श्रद्धालु पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर में स्थापित सभी मूर्तियां गायब हैं। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ा झटका बन गई।

## उपायुक्त ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों को राखी बांधकर मनाया राखी का त्यौहार

**फाजिल्का, 8 अगस्त :( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

फाजिल्का की उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू आज राखी के पावन पर्व पर सादकी चौकी पहुँचीं और भारत-पाकिस्तान सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वीर जवानों को अपने हाथों से राखी बाँधी। इस अवसर पर एसडीएम वीरपाल कौर भी उपस्थित थीं।

राखी बाँधते हुए उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू ने जवानों से कहा कि देश के बहनों और भाइयों की सुरक्षा के लिए उनके योगदान को पूरा देश सलाम करता है। उन्होंने कहा, "राखी केवल भाई-बहन के प्यार का त्योहार ही नहीं, बल्कि विश्वास, समर्पण और रक्षा के वचन का प्रतीक भी है। आज मैं अपने इन वीर भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर प्रार्थना करती हूँ कि वे सदैव सुरक्षित रहें और देश की रक्षा में सदैव अग्रणी रहें।"

उपायुक्त ने कहा कि सीमा पर तैनात ये वीर जवान अपने परिवारों से दूर रहकर



देश की रक्षा करते हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करें।

उन्होंने कहा कि राखी का असली मतलब एक-दूसरे की रक्षा का वादा निभाना है और बीएसएफ के जवान अपनी जान जोखिम में डालकर हर दिन इस वादे को निभाते हैं।

एसडीएम वीरपाल कौर ने भी जवानों के साथ राखी के संदेश साझा किए और कहा कि उनके बलिदान और समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने बीएसएफ जवानों को मिठाई भी भेंट की।

इस अवसर पर बीएसएफ अधिकारियों ने उपायुक्त और एसडीएम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे भावुक क्षण उन्हें अपने परिवारों की याद नहीं आने देते और उनका मनोबल बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी श्री अजय कुमार श्री राम और विनोद कुमार भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की रक्षाबंधन पर शुभकामनाएं

**भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व :- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा**



**जयपुर, 8 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन (9 अगस्त) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक होने के साथ ही हमारी समृद्ध संस्कृति का परिचायक भी है। यह त्योहार हमें हमारी बहनों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए वचनबद्ध करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिला सशक्तीकरण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए राखी के उपहार स्वरूप प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को 501-501 रुपए की राशि हस्तांतरित की है। वहीं, इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में दो दिन (09 व 10 अगस्त) राज्य की सीमा के अन्दर नि:शुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## एफएसएसएम अपनाएंगे बीमारी दूर भगाएंगे के नारे लगाकर विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश




**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई कैप की और से कलिंजरी गेट पर फीकल स्लज सेप्टेज मैनेजमेंट व स्वचछता के प्रति आमजन में जागरुकता हेतु राजकीय उच्च प्राथमिक कलिंजरी गेट के विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से विभित्र नारों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया। एफएसएसएम को अपनाना है, गंदगी को भगाना है। हम सब का एक ही नारा, स्वच्छ रहे शहर हमारा । रैली स्कूल से शुरू हो कर धाकड़ मोहल्ला कायमखानी मोहल्ला होते हुए कलिंजरी गेट से वापिस स्कूल पहुंची। कैप आरयूआईडीपी के सहायक सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने बच्चो को एफसटीपी के फायदों की जानकारी देते हुए बताया कि आपके शहर में आरयूआईडीपी विभाग ने एफएसटीपी प्लांट का निर्माण करवाया गया है आपके सेप्टिक टैंक के मलबे को स्पेसल वाहन के दुवारा प्लांट तक ले जाया जाएगा वहाँ इसको ट्रीट कर जैविक खाद बनाई जाएगी जिसका उपयोग कृषि कार्य में होगा। सेप्टिक टैंक को नगर परिषद में 1500 रुपये जमा कराकर खाली करवाया जा सकेगा नगर पालिका के अभियंता प्रहलाद गुलपरिया ने बच्चो को संबोधित करते हुए स्वच्छता के बारे में बताते हुये कहा कि अपने घर व आस पास साफ सफाई रखने, घर का कचरा सड़क पर नहीं फैलाने, व सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं करने और सेप्टिक टैंक नगर पालिका से खाली करवाने लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयदीप सिंह जी व अध्यापक मौजूद रहे विधार्थियों ने रैली निकालकर अपनी सहभागिता निभाई

## गांव दुब्बल में स्तनपान सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम, मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव दुब्बल में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुपरवाइजर रीना मौण ने मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गांव की आंगनबाड़ी वर्कर रामरति, पिंकी, आशा, हेल्पर सरोज सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

सुपरवाइजर रीना मौण ने अपने संबोधन में कहा कि माँ का दूध शिशु के जीवन की पहली और सबसे महत्वपूर्ण आहार है, जो न केवल उसके शारीरिक विकास में सहायक है, बल्कि उसे कई गंभीर



बीमारियों से भी बचाता है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्तनपान के लाभ समझाते हुए बताया कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल माँ का दूध देना चाहिए और इस अवधि में पानी या अन्य कोई आहार देने की आवश्यकता नहीं होती।

उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि स्तनपान केवल शिशु के लिए ही नहीं, बल्कि माँ के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इससे माँ में कई स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना कम हो जाती है और माँ-बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं और स्तनपान से जुड़ी कई भ्रांतियों को दूर किया गया। सुपरवाइजर रीना मौण ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास की माताओं को भी इस विषय में जागरूक करें, ताकि हर बच्चा जीवन की शुरूआत से ही बेहतर पोषण और सुरक्षा पा सके।

इस कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी टीम और स्वास्थ्य कार्यकताओं ने स्तनपान को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ महिलाओं को धन्यवाद दिया और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी पुस्तिकाएं भी वितरित कीं।

# कीर समाज की छात्रावास के लिए भूमि आवंटन मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार को ज्ञापन सोपा

**सुरज वर्मा**

**भीलवाडा** ज़िले के फूलिया कलां में कीर समाज के लोगो ने शुक्रवार को जयपुर मे कीर समाज की छात्रावास के लिए भूमि आवंटन मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार फूलिया कलां को ज्ञापन सौफा कीर समाज विकास समिति शाहपुरा के नेतृत्व मे सोपे गये ज्ञापन मे बताया कि कीर समाज आर्थिक सामाजिक शेक्षिक और राजनितिक रूप से पिछड़ा हुआ हैं समाज की शेक्षणिक शिक्षा को बेहतर वातावरण मिल सके इसके लिए जयपुर शहर मे छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग की गयी और आगे की रणनीति तैयार करने



को लेकर व दिनांक 24 अगस्त 2025 को कीर समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक व दिनांक 25 अगस्त 2025 को विशाल रक्तदान शिविर और प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर कीर समाज विकास समिति शाहपुरा द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2025 रविवार को श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर धानेश्वर मे मीटिंग का रखी गयी हैं ज्ञापन देने के लिए कीर समाज विकास समिति शाहपुरा अध्यक्ष दुर्गा लाल कीर सचिव धनराज कीर और द्वारका प्रसाद कीर शोभाराम कीर सूरजकरण कीर साँवर लाल कीर भागचंद कीर घीसा लाल कीर पप्पू लाल कीर आदि समाज जन उपस्थित रहे

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के साथ बैठक आयोजित

**जयपुर, 8 अगस्त।** राजस्थान के एनसीआर एवं उसके आस पास के क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के प्रबंधन और वायु प्रदुषण के रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। आयोग द्वारा एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की बेहतरी के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालना की प्रगति की बैठक में विस्तृत जानकारी दी गयी।

आयोग के अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण जनस्वास्थ्य और सतत विकास से जुड़ा गंभीर विषय है। इसके कारण मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं। इसे रोकने के लिए हमें मिलकर गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने राज्य में जैव सामग्री जलाने से उत्पन्न प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों की भागीदारी से अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निर्माण गतिविधियों, औद्योगिक इकाइयों, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन तथा कचरे के अनुचित निस्तारण जैसे प्रदूषण स्त्रोतों पर सख्त निगरानी रखी जाये तथा सम्बंधित विभाग डेटा एवं तकनीक के माध्यम से समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश सरकार वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। उन्होंने आयोग को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सुझावों का गंभीरता से पालन किया जायेगा। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश रोकने के लिए आयोग के निर्देशों से वाहन मालिकों एवं चालकों को मोबाइल पर मैसेज भेज कर अवगत करवाया जाये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्पष्ट दिखने वाले साइन बोर्ड लगाये जाये जिससे राजधानी में नहीं जाने वाले वाहन दुसरे मार्ग से अपने गंतव्य पर जा सकें। जिससे एक ओर उनका समय और ईंधन बचेगा, दूसरी ओर राजधानी में प्रदूषण और यातायात समस्या पर कुछ हद तक लगाम लगेगी।

श्री पंत ने निर्देश दिए कि एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित ऑटो रिक्शा एवं अन्य डीजल वाहनों पर निगरानी रखी जाये और प्रयोग में दिखने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को वायु प्रदुषण के बारे में विभिन्न माध्यमों के जरिये जागरूक किया जाये और आयोग के निर्देशों की पालना के लिए सम्बंधित जिलों में उच्च स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाये।

बैठक में एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्यों से होने वाले धूल प्रदुषण, कैमरा इंस्टालेशन, ई-कॉमर्स व डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रतिबंधित वाहनों के उपयोग को रोकने, डीजल ऑटो रिक्शा को स्क्रैप करने, सीएएक्यूएमएस स्थापित करने, हरियालो राजस्थान की प्रगति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

इस दौरान अतरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्री आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग श्री देबाशीष पृष्टी सहित परिवहन, कृषि, पर्यावरण आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

## एचसीएल इंडिया टूर स्क्वैश का समापन

### मिस्त्र के शोहदी और नूर खफागी ने जीते खिताब



जयपुर मे मिस्त्र के यासिन शोहदी और नूर खफागी ने अपनी शीर्ष वरीयता को सही साबित करते हुए शुक्रवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम कोर्ट्स पर संपन्न एचसीएल इंडिया टूर स्क्वैश टूनामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। भारत की तन्वी खन्ना को फाइनल में हार के साथ उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में टॉप सीड यासिन शोहदी ने अपने ही देश के मोहम्मद गोहर को सीधे सेंटों में 3-0 से शिकस्त दी। शोहदी ने मैच में शुरूआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और मुकाबला 11-5, 11-7, 11-3 से जीत खिताब अपने नाम किया महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। वर्ल्ड रैंकिंग में 114वें नम्बर की भारतीय खिलाड़ी तन्वी खन्ना ने रैंकिंग में अपने से कहीं ऊपर मिस्त्र की नूर खफागी को चार सेटों तक कड़ा संघर्ष कराया। टूनामेंट की टॉप सीड नूर ने 11-3, 5-11, 11-5, 12-10 से जीत के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। ।

## 'अगर वोट चोरी हुई तो कर्नाटक में बर्खास्त हो सरकार', राहुल के आरोपों पर चिराग पासवान का जवाब

**पटना** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर बड़ा बयान दिया है। चिराग पासवान ने कहा कि राहुल गांधी ने कर्नाटक में 'वोट चोरी' के सबूत दिखाए हैं, जहां उनकी पार्टी की सरकार है। अगर उनकी बात सही है तो कर्नाटक सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शुक्रवार को पटना में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी बेंगलुरु में वोट चोरी की बात कर रहे हैं, लेकिन यह भूल गए हैं कि कर्नाटक में उनकी अपनी सरकार है। अगर वह आरोप लगा रहे हैं तो फिर कर्नाटक में सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए।"

चिराग पासवान ने आगे कहा, "राहुल गांधी ने वोट चोरी और वोटर लिस्ट में धांधली की बात कही। उन्होंने कई दस्तावेज सामने दिखाए, जिसमें धांधली के कारण भी गिनाए कि एक मतदाता का नाम चार जगह है, किसी के पिता का नाम नहीं है, तो किसी का पता सही नहीं है। लेकिन इन गड़बड़ी को एसआईआर प्रक्रिया से ही सुधारा जा सकता है, जो बिहार में चल रही है।"

केंद्रीय मंत्री ने यह भी दावा किया कि अगर एसआईआर प्रक्रिया का मामला कर्नाटक पहुंचेगा तो वहां यही लोग (कांग्रेस) विरोध करेंगे।

चिराग ने कहा कि राहुल गांधी बेहद गलत राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाए कि महाराष्ट्र के साथ झारखंड में भी चुनाव हुए थे, लेकिन झारखंड के चुनाव में वह जीत गए, तो क्या झारखंड के चुनाव सही थे?

बिहार के सीतामढ़ी में स्थित पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर के शिलान्यास पर चिराग पासवान ने कहा, "यह बिहार के लोगों का लंबे समय से सपना रहा है। व्यक्तिगत रूप से भी, मैंने हमेशा 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के माध्यम से अपनी इच्छा व्यक्त की है और वादा किया कि जिस तरह अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह मेरी मां सीता को समर्पित एक भव्य मंदिर यहां बनाया जाना चाहिए। यह अधिकांश बिहारियों की इच्छा रही है।

## 1947 का भारत विभाजन केवल एक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन का दर्द व बलिदान का अध्याय : आनंद



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, कपिल कमल कैथल में आज विभाजन विभीषिका विषय पर एक महत्वपूर्ण जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने की। संगोष्ठी में जिले के पंजाबी समाज के गणमान्य नागरिक, भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में करनाल हल्का विधायक जगमोहन आनंद विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने 14 अगस्त 2025 को फरीदाबाद में आयोजित होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। जगमोहन आनंद ने कहा कि 1947 का भारत विभाजन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन का दर्द और बलिदान से जुड़ा अध्याय है। लाखों लोग अपने घर-बार छोड़ने को मजबूर हुए, अनगिनत परिवार बिछड़ गए और असंख्य निर्दोषों ने अपनी जान गंवाई। यह दिवस हमें न केवल उस त्रासदी को याद करने का अवसर देता है, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संकल्प भी दिलाता है।

## टिटोड़ा जागीर पीएचसी का विधायक मीना किया शुभारंभ क्षेत्र में आमजन को मिलेगी सुविधा

सुरज वर्मा

शक्करगढ़ कस्बे के टिटोड़ा जागीर में विधायक गोपीचंद मीना ने नवनिर्मित पीएचसी भवन का शुभारंभ किया अब क्षेत्र के दर्जनों गांवों मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा बेहतर होगी 1 करोड़ 51 लाख की लागत से डीएमएफटी मद में स्वीकृत यह अत्याधुनिक भवन ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है।

अब क्षेत्र के लोगों को सामान्य इलाज के लिए कोसों दूर कस्बों और शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगी पीएचसी में एक चिकित्सक सहित 7 सदस्यीय स्टाफ तैनात किया गया है, जिसमें नर्सिंग कर्मी, लैब टेक्नीशियन और सहायक कर्मचारी शामिल हैं। यहां प्राथमिक जांच, सामान्य उपचार, टीकाकरण और आवश्यक दवाइयों की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।विधायक बोले अब चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी

उद्घाटन समारोह में विधायक मीना ने कहा "हमारा संकल्प है कि जहाजपुर क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा के लिए परेशान न होना पड़े। इस स्वास्थ्य केंद्र से दो पंचायतों के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।"उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे किशोर शर्मा ने कहा की राजस्थान



सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बसे लोगों को सहायता प्रदान करना हे सरकार ने टिटोडा में पीएचसी देकर आमजन की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा किया

शुभारंभ कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मराज मीना , सोहन लाल नामा , सत्यनारायण शर्मा , रामकुवार मीना , रामगोपाल शर्मा ,रमेश काष्ट, देवकरण मिश्रा ,गणेश मिश्रा , धर्म चंद मीना ,बीसीएमओ अशोक जाट डॉक्टर युवराज सिंह चौधरी , सीएचओ अनिता गुर्जर , एएनएम निर्मला मीना ,सोना मीना श्योजीराम मीना ,सहित जनप्रतिनिधि, स्थानीय सरपंच, वार्ड पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा यहां के लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित थी।

## सावधान:-इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर हो रही है ऑनलाइन ठगी

### राजस्थान पुलिस की चेतावनी: फर्जी ईमेल,रटर और लिंक से रहें दूर

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने इनकम टैक्स रिटर्न (क्ळफ) दाखिल करने के सीजन में होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर एक अहम चेतावनी जारी की है। साइबर अपराधी टैक्स रिफंड, पैन-आधार लिंकिंग और प्रोफाइल सत्यापन जैसे बहाने बनाकर आम जनता को निशाना बना रहे हैं। पुलिस ने लोगों को ऐसे धोखे से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

**ठगी के आम तरीके**

1.फर्जी मैसेज और कॉल: अपराधी फर्जी ईमेल, एसएमएस और कॉल के जरिए बताते हैं कि आपका टैक्स रिफंड रुका हुआ है या आपने गलत क्ळफ भरा है। वे आपको एक लिंक पर क्लिक करने के लिए कहते हैं, जो आपको एक नकली वेबसाइट पर ले जाता है।

2.फिशिंग वेबसाइट: ये लिंक आपको आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट incometax.gov.in जैसी दिखने वाली नकली साइट पर ले जाते हैं।

यहाँ आपसे पैन, आधार, बैंक डिटेल्स, ओटीपी और लॉगिन पासवर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी मांगी जाती है।

3.मालवेयर वाले अटैचमेंट: कुछ ईमेल में क्ळफ की रसीद के रूप में खतरनाक फाइलें (अढङ) होती हैं, जिन्हें डाउनलोड करने पर आपके फोन या कंप्यूटर में वायरस आ सकता है।

4.सोशल मीडिया स्कैम: व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया पर तत्काल रिफंड का दावा करने वाले फर्जी संदेश भेजे जाते हैं, जिनमें नकली लोगो या दफ कोड का इस्तेमाल किया जाता है।

खुद को कैसे बचाएं

ड्टहमेशा रहें सतर्क: क्ळफ से जुड़ी सेवाओं के लिए सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट incometax.gov.in का ही उपयोग करें।

जांच करें: किसी भी ईमेल या संदेश पर भरोसा करने से पहले, भेजने वाले के ईमेल पते की अच्छी तरह से जांच कर लें।

ड्टजानकारी साझा न करें: किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, पैन नंबर, आधार नंबर, या कोई भी निजी जानकारी कभी न दें।

ड्टलिंक पर क्लिक न करें: अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

UPI/QR कोड स्कैन न करें: किसी भी अज्ञात क्यूआर कोड या यूपीआई लिंक के जरिए रिफंड पाने की कोशिश न करें।

अगर आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आप साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (https://cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा, आप नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930/9257510100 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## नानपारा में एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रंगे हाथों किया गिरफ्तार



**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**

बहराइच एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को तहसील नानपारा में तैनात लेखपाल सरवर अली, मोहरबा को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सरवर अली रिश्वत ले रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक, शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन विभाग ने जाल बिछाया और तहसील परिसर की दूसरी मंजिल से ही लेखपाल को पकड़ लिया।

कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। टीम ने आरोपी से पूछताछ करते हुए आवश्यक दस्तावेज और रिश्वत की ?15000 की रकम बरामद की।

बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन टीम ने यह कार्रवाई पूर्व निर्धारित योजना के तहत की थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए ले जाया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

तहसीलदार नानपारा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाशित नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

यह मामला तहसील नानपारा समेत पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## "नन्हीं कलाईयों से बंधी देशभक्ति की डोर"

### सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने एसडीएम, एसएसबी बटालियन और पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर दी शुभकामनाएं

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**

बहराइच नानपारा शहर में रक्षा बंधन का पर्व इस बार कुछ खास रहा, जब सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल नानपारा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देश की सेवा में लगे अधिकारियों और जवानों को राखी बांधकर प्रेम और कृतज्ञता का संदेश दिया।



कार्यक्रम में स्कूल के सभी वर्गों की छात्राएँ शामिल थी, लेकिन कक्षा 1 से 3 तक के छोटे बच्चों ने सबसे अधिक उत्साह और जोश के साथ भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम साहब के आवास से हुई। यहाँ बच्चों ने उन्हें राखी बांधी, तिलक किया और मिठाई खिलाकर दीघार्यु व सुख-समृद्धि की शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद दल एसएसबी की 42वीं और 59वीं बटालियन पहुंचा, जहाँ जवानों ने बच्चों का आत्मीय स्वागत किया। सैनिकों ने बच्चों से बातचीत की और उनके द्वारा बंधी राखी को ह्लदेशभक्ति की अनमोल सौगातह्व बताया।

अंत में बच्चे कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी व सिपाहियों को राखी बांधी। बच्चों ने पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया कि वे दिन-रात जनसुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। पुलिस अधिकारियों ने भी बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, सेवा भावना और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना जगाना था।

एसडीएम साहब ने कहा, "इन नन्हीं कलाइयों से बंधी राखी हमें अपने कर्तव्य की और भी गहराई से याद दिलाती है।"

वहीं एसएसबी के एक जवान ने भावुक होकर कहा, "घर से दूर रहकर भी हमें आज अपने घर का सा स्नेह मिला।"

## खैरथल तिजारा जिले का नाम भर्तृहरि नगर करने पर तह दिल से आभार प्रकट करते हैं - युवा नेता कैलाश नाथ लुणसरा



**खैरथल-तिजारा** जिले का नाम बदलकर भर्तृहरि नगर करने पर युवा समाज सेवी नेता कैलाश नाथ लुणसरा ने कहा कि अलवर बाबा भर्तृहरि की तपोभूमि रही है, प्रस्ताव को मुख्यमंत्री भजनलाल जी ने मंजूरी दी है,

इस फैसले से नाथ समाज में खुशी का माहौल है, में इस फैसले पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का स्वागत अभिनंदन करता हूँ, मुख्यमंत्री जी ने जनभावनाओं का सम्मान रखा है, इससे बड़ा सम्मान समाज के लिए नहीं हो सकता, मुख्यमंत्री जी का पग फेरा राजस्थान के विकास से लेकर आमजन के लिए शुभ ही शुभ हो रहा है, इस निर्णय से क्षेत्र के सांस्कृतिक पर्यटन में तेजी आयेगी

## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा सांसद अशोक सिंह के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया



**ग्वालियर 8 अगस्त:-** मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज भोपाल से चलकर ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. श्री राजेंद्र सिंह यादव जी की धर्मपत्नी एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह की पूज्यनीय माताजी श्रीमति अवध बाई जी के निधन पर उनके निवास स्थान :- गांधी रोड़, ग्वालियर पर पहुंचे श्री तोमर जी ने सर्वप्रथम माताश्री की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने निवास पर मौजूद राज्यसभा सांसद अशोक सिंह एवं परिजनों से माताश्री के दु:खद निधन पर चर्चा की और अपनी ओर से शोक सम्वेदना व्यक्त की

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य गण अशोक जैन, एवं अशोक जादौन साथ थे

## शिविर का 220 लोगों ने लाभ उठाया



**झुंझुनू।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनू में संपन्न हुआ। शिविर में 220 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाश चंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ मूल सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बहराइच पुलिस अधीक्षक कार्यालय में, पुलिस अधीक्षक महोदय ने सरस्वती विद्या मंदिर कालेज की छात्राओं से राखी बंधवाकर मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) व अन्य पुलिस कर्मियों ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर, दीघार्यु की कामना करते हुए मिठाई खिलाई ।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय ने छात्राओं को पावन पर्व की हार्दिक बधाइयां देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी और उन्हें सुरक्षा एवं शांति का विश्वास दिलाया। साथ ही महोदय ने बताया कि बहराइच पुलिस हमेशा महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने छात्राओं और पुलिस के बीच एक मधुर संवाद और विश्वास निर्मित किया। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के शिक्षकगण और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे

## गाय के गोबर, मुल्तानी मिट्टी और औषधीय बीजों से जैविक राखियां पहनाए भाई को

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार न्यूज रिपोर्टर.राकेश कोठेनिया हलेना**



**भरतपुर..==** सीएम जिले मे इस रक्षाबंधन पर भाई की कलाई पर सिर्फ राखी नहीं, बल्कि पर्यावरण और संस्कृति का संदेश भी बंधेगा। भरतपुर सहित राजस्थान की हजारों महिलाओं ने गाय के गोबर, मुल्तानी मिट्टी और औषधीय बीजों से जैविक राखियां बनाकर एक अनोखी पहल की है। इन राखियों की मांग देशभर के साथ दुबई, मस्कट और इंग्लैंड जैसे देशों में भी बढ़ी है। ह्यस्वर्गह्ण संस्था के प्रबंधक बलवीर सिंह ने बताया कि भरतपुर की करीब 20 महिलाओं समेत 5000 महिलाएं इस अभियान से जुड़ी हैं। ओम, स्वास्तिक जैसे पारंपरिक चिन्हों से सजी ये राखियां पूरी तरह स्वदेशी हैं और विसर्जन के बाद इनमें मौजूद तुलसी, अश्वगंधा जैसे बीज पौधे बन जाते हैं। इन राखियों की कीमत 20 से 300 रुपये तक है और महिलाएं स्वयं बाजारों में स्टॉल लगाकर इन्हें बेच रही हैं। इस प्रयास ने न केवल राखी को धार्मिक और पर्यावरणीय रूप से खास बनाया है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें नया आत्मविश्वास भी दिया है।

## सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री को बांधी राखी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में राखी बांधी। मुख्यमंत्री जनसेवा सदन आज कुछ अलग ही रंग में रहा और पूरा सदन बच्चों की खिलखिलाती हंसी से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चे जब रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियां लेकर आए तो यह रस्म हमारे रिश्ते की नई परिभाषा रही। उनके छोटे-छोटे हाथों से बांधे गए धागे एक ऐसे कल का



वादा थे, जहां हर बच्चा बिना डर, बिना भेद, अपने सपनों की उड़ान भर सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की खिलखिलाती हंसी, मासूम आंखों की चमक यही तो है हमारे हर निर्णय का मूल, हमारी हर नीति का आधार। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को ढेर सारा प्यार देते हुए कहा कि उस भरोसे को मेरा प्रणाम जिसे आपने आज मेरी कलाई पर बांधा दिया। उल्लेखनीय है कि देशभर में नौ अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

## देश की बुनाई और परंपरा का उत्सव मनाएं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर अपने देश की बुनाई और परंपरा का उत्सव मनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि मेरे लिए साड़ी सिर्फ एक परिधान नहीं, संस्कृति का संगम है। कभी मधुबनी की साड़ी, जो मिथिला की कला की सौगात है तो कभी इक्कत या मैसूर सिल्क, जो दक्षिण की परंपरा की झलक है, मैं अपने रोजमर्रा के जीवन में भारत की विविधताओं को ओढ़ती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी और हैंडलूम सिर्फ वस्त्र नहीं, ये आत्मनिर्भर भारत की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी गर्व' के आह्वान ने आज इन परंपराओं को फिर से जन-जन से जोड़ा है। उन्होंने दिल्ली की सभी बहन-बेटियों से आग्रह है कि आज एक हैंडलूम परिधान पहनें, उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर हथकरघा उद्योग को प्रोत्साहित करें। उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त 1905 को शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन ने स्वदेशी उद्योगों और विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित किया। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पहले राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का उद्घाटन 7 अगस्त 2015 को प्रधानमंत्री मोदी ने चेन्नई में किया था।

## दिल्ली विधानसभा में 24 और 25 को होगा अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में 24 व 25 अगस्त को अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश भर की विधानसभाओं, विधान परिषदों के करीब 60 अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शामिल होंगे। इन सभी आमंत्रित गणमान्यों को 'राज्य अतिथि' घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि इन सभी विशेष अतिथियों के सम्मान के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय को इन राज्य अतिथियों के दिल्ली आगमन से लेकर उनके दिल्ली से प्रस्थान तक, उनके मान-सम्मान के अनुरूप सभी प्रोटोकॉल सुविधाएं और शिष्टाचार प्रदान करने की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा सचिवालय 'राज्य अतिथियों' के स्वागत, आवास, परिवहन आदि के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आने वाले अध्यक्ष/उपाध्यक्ष हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए दिल्ली की ओर से उन्हें भरपूर सम्मान दिया जाएगा।

## लोगों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए। उनके आरोपों पर तमाम दलों के नेताओं की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरी सच्चाई उजागर कर दी है। अब सच्चाई सामने आ गई है। हमारा मानना था कि बड़े पैमाने पर धांधली हो रही थी। हर बूथ पर वोट चोरी हो रही थी, मतदाता सूची में हजारों नाम थे। हम चुनाव सुधारों पर चर्चा चाहते हैं। लोकतंत्र लोगों का है और लोगों को वोट देने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार छीना जा रहा है। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन सरकार तैयार नहीं है। यह वास्तविकता है कि सरकार सच्चाई का सामना नहीं करना चाहती है। हम इस पर उचित बहस चाहते हैं। सीपीआई सांसद पी. संदोष कुमार ने कहा कि यह सिर्फ राहुल गांधी का आरोप नहीं है, बल्कि पूरा विपक्ष यही बात कह रहा है। चुनाव आयोग कोई पवित्र गाय नहीं है। यह हमारे प्रस्तावों को कभी स्वीकार नहीं करता।

## केंद्र के 4800 करोड़ के अनुदान को पूर्ववर्ती सरकार ने फ्री की योजनाओं पर उड़ाया : रेखा गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान सीएजी रिपोर्ट (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित वर्ष 2023-24 के वित्तीय लेखे व विनियोग लेखे) पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार (आम आदमी पार्टी) को कटघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट बताती है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली को 4800 करोड़ रुपये का अनुदान दिया। पूर्ववर्ती सरकार ने इस राशि का उपयोग 463 करोड़ रुपये पानी की आपूर्ति पर, 482 करोड़ रुपये फ्री बस सेवाओं पर और 3250 करोड़ रुपये फ्री बिजली योजना पर खर्च कर दिए गए। इस तरह पूरा अनुदान को मुफ्त योजनाओं में वितरित कर दिया गया।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछली सरकार ने इन मुफ्त योजनाओं को इस तरह प्रस्तुत किया जैसे वे अपनी जेब से जनता को दे रहे हों, जबकि हकीकत यह है कि यह सारा पैसा जनता का ही था। सीएजी



रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार का पूरा राजस्व केवल खर्चों में चला गया। वेतन, ब्याज भुगतान और अन्य ऐसे खर्च, जिनसे कोई स्थायी संपत्ति नहीं बनती। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में दिल्ली सरकार का राजस्व अधिशेष 4566 करोड़ रुपये रहा, लेकिन यह पूरा पैसा खर्च कर दिया गया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 में सरकार 3934 करोड़ रुपये के घाटे में पहुंच गई। इस तरह दो वर्षों को मिलाकर लगभग 8600 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में 50 प्रतिशत की गिरावट हुई और जिन 24 अस्पतालों की आधारशिला रखी गई, वे आज तक अधूरे हैं। शिक्षा और खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 42 प्रतिशत की कमी आई, जबकि सड़क निर्माण और लोक निर्माण विभाग के कार्यों में 40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने इसे जनसेवा की उपेक्षा और संसाधनों के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण बताया। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विकास कार्यों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया और सारा ध्यान केवल प्रचार-प्रसार पर केंद्रित रहा। उन्होंने बताया कि न तो कोई नया फ्लाईओवर बना और न ही कोई बड़ी सड़क परियोजना पूरी हुई। शहरी विकास के बजट में 36 प्रतिशत की कटौती कर दी गई। इससे राजस्व घटता गया, खर्चा बढ़ता गया और परिणामस्वरूप दिल्लीवासियों के साथ धोखा हुआ। न सड़कों का विकास हुआ, न स्कूल या अस्पताल पूरे हुए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड के बावजूद राज्य सरकार ने कोई ठोस काम नहीं किया और अब जवाबदेही से बच रही है।

## दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय ने वृक्षारोपण का आयोजन किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय ने आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महात्मा गांधी द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित संस्था हरिजन सेवक संघ परिसर में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजीव राय ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं हरिजन सेवक संघ के अधिकारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि यह हमारे सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता को एक साथ जोड़ने वाला यह अभियान एक प्रेरणादायक प्रयास है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक प्रकाश पांडेय ने सामाजिक चेतना एवं पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, शिक्षकों, विश्वविद्यालय एवं हरिजन सेवक संघ के पदाधिकारियों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। विश्वविद्यालय का यह प्रयास छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हरिजन सेवक संघ के प्रतिनिधियों ने भी विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम गांधीजी के विचारों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। कार्यक्रम में डा. सरोज मलिक, डा. राजेश प्रसाद सिंह, डा. नसरुद्दीन, डा. जय शंकर शुक्ल एवं डा. विनोद कुमार मौजूद रहे।

## कथित फांसी घर की जांच करेगी सदन की विशेषाधिकार समिति : विधानसभा अध्यक्ष

एजेंसी
**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि मानसून सत्र में लगातार कई दिनों की चर्चा और तथ्यों के आधार पर यह सदन इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि दिल्ली विधानसभा परिसर मे फर्जी फांसी घर के निर्माण और झूठे विज्ञापनों पर करोड़ों रूपये खर्च किए गए। इस संबंध में विपक्ष जो पूर्व में सत्तारूढ दल रहा, जिनके कार्यकाल में ये फर्जीवाड़ा हुआ। विपक्ष के जरिए तीन दिन में भी कोई तर्कसंगत जवाब और तथ्य न पेश करने से यह और पुख्ता हो गया कि यह इरादतन फर्जीवाड़ा किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले की गहन जांच करने के लिए सदन की विशेषाधिकार समिति को सौंपा हूं। समिति तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिरला को समन करेगी। उनकी मौजूदगी और निर्देशन में ही 9 अगस्त, 2022 को इस कथित फांसी घर का उद्घाटन किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अभिलेखागार से प्राप्त वर्ष



1912 का नक्शा, अन्य दस्तावेजों के आधार पर यह सदन इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि यहां न तो कभी फांसी घर था और न ही ऐसी कोई सुरंग थी, जो इस दिल्ली विधानसभा से लाल किला तक जाती हो।

उन्होंने कहा कि अतः सदन की भावना के आधार पर यह निर्णय लिया जाता है कि इस हेरिटेज दिल्ली विधानसभा को पुनः मूलरूप में परिवर्तित किया जाए और इन दोनों टिफिन रूम में विधानसभा का वर्ष 1912 का नक्शा भी स्थापित किया जाए जिससे कभी कोई इस भवन की गरिमा को ठेस न पहुंचा सके। विधानसभा परिसर में 9 अगस्त, 2022 को भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के दिन जो इस फर्जी फांसी घर के उद्घाटन का शिलापट्ट, जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम लिखा है, उस शिलापट्ट को भी हटा दिया जाए।

हेरिटेज बिल्डिंग के मूलरूप के साथ की गई छेड़छाड़ और फर्जी फांसी घर तथा फर्जी सुरंग बताकर जो इतिहास को बदलने का अपराध किया गया है, ऐसे लोगों को देश कभी माफ नहीं करेगा। अतः यह सदन इस कुकृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

## अमेरिका पर भारत सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत: हर्षवर्धन सपकाल

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस घोषणा की निंदा की है, जिसमें भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की बात कही गई है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तीव्र हो गई हैं। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार से सख्त रुख रखने की मांग कर रहा है। वहीं, भारत सरकार ने ऐलान कर दिया है कि वह देश के किसानों के साथ है। किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष सपकाल ने मीडिया से बातचीत में ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ को भारत की विदेश नीति की कमजोरी का परिणाम बताया। सपकाल ने कहा कि ट्रंप के इस कदम के संकेत लंबे समय से मिल रहे थे, लेकिन सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मुद्दे पर गंभीर चिंतन और ठोस कदमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कई



विदेशी दौरे कर चुके हैं, लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत के साथ कोई देश खड़ा नहीं था, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस दौरे से क्या लाभ होगा, यह तो दौरे के बाद ही पता चलेगा।

मुंबई के तिलक भवन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में नवनियुक्त तालुका अध्यक्षों के लिए एक आवासीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य तालुका अध्यक्षों को संगठनात्मक और नेतृत्व कौशल प्रदान करना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह शिविर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुरू की गई एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसके तहत तालुका अध्यक्षों का प्रशिक्षण पूरा किया जा रहा है। भविष्य में इस प्रशिक्षण को 60-60 के बैच में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम को दो हिस्सों में बांटा गया है, ओरिएंटेशन प्रोग्राम तिलक भवन मुंबई में होगा, जबकि ट्रेनिंग प्रोग्राम महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और स्थानीय नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दिल्ली में खेल और युवा मामलों के लिए अब अलग विभाग बनेगा : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि दिल्ली में खेल और युवा मामलों के लिए अब अलग विभाग बनेगा, जिससे खिलाड़ियों को जरूरत के मुताबिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पूरी राजधानी में कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, ताकि कोई भी खिलाड़ी संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन, सरकारी विद्यालयों और खेल प्रशिक्षण केंद्रों के युवा खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों से मुलाकात के दौरान दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस दौरान युवा खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों ने दिल्ली सरकार के जरिए घोषित पहलों के प्रति मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस दौरान दिल्ली के खेल मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि दिल्ली का



हर बच्चा आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बने, यही उनका सपना है। दिल्ली के खिलाड़ी कड़ी मेहनत तो करते हैं, लेकिन उन्हें वह मान्यता, सहायता और सम्मान नहीं मिलता, जिसके वे हकदार हैं। इसी को बदलने के उद्देश्य से उन्होंने देश की सबसे बड़ी इनामी राशि के साथ एक नई खेल नीति लागू की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई नीति के तहत अब दिल्ली में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता को 7 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। यह इनामी राशि देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे अधिक है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को ग्रेड ए, बी और सी की सरकारी नौकरियों में नियुक्ति का अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये योजनाएं सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने की नींव हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षों से जर्जर पड़े स्टेडियमों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ कोचिंग, संसाधन और हर संभव सहयोग दिया जाएगा। साथ ही पूरे शहर में कोचिंग सेंटर (क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र) स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसी खिलाड़ी को संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रहना पड़े।

## दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में 90 प्रतिशत छात्रों को प्लेसमेंट अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण: डॉ. संजय वर्मा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** । दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे) में इस साल 90 प्रतिशत छात्रों को प्लेसमेंट मिलने पर डीएसजे के ओएसडी डॉ. संजय वर्मा ने खुशी जताई। उन्होंने इसे संस्थान की अकादमिक गुणवत्ता और मीडिया इंडस्ट्री में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण बताया है।डॉ. वर्मा ने कहा कि इस बार कई नामी मीडिया संस्थान जैसे इनफॉर्मिस्ट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी स्टूडियोज, एनडीटीवी गैजेट्स 360, न्यूज नेशन, अमर उजाला और बजरबट्टू कंटेंट वाइब्स प्राइवेट लिमिटेड ने डीएसजे के छात्रों को रिपोर्टर, रिसर्च एक्जीक्यूटिव, एंकर, कंटेंट राइटर, एडिटोरियल ट्रेनी और जूनियर प्रोड्यूसर जैसे अलग-अलग पदों के लिए चुना है। इसके अलावा रिपब्लिक वर्ल्ड, क्रिएटिव हब, व्हाइट टाइगर फिल्मस और स्वदेश 24×7 जैसे संस्थानों में भी छात्रों का चयन होने वाला है। उन्होंने कहा कि यह कामयाबी सिर्फ प्लेसमेंट आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस लगातार मेहनत और सोच का नतीजा है जिसके तहत डीएसजे ने पढ़ाई को इंडस्ट्री से जोड़ने की दिशा में काम किया है। पढ़ाई से करियर तक के सफर में डीएसजे ने यह साबित कर दिया है कि वह देश के प्रमुख मीडिया शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है। उल्लेखनीय है कि डीएसजे के ओएसडी नियुक्त किए गए अंग्रेजी विभाग के डॉ. संजय वर्मा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काफी अनुभव रखते हैं।

## एसआईआर प्रकिया में की गई धोखाधड़ी, राहुल गांधी ने किया पर्दाफाश- उदित राज

एजेंसी
**नई दिल्ली।** । कांग्रेस नेता उदित राज ने मतदाता सूची में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उदित राज ने दावा किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में वही गड़बड़ियां हो रही हैं, जो पहले कर्नाटक और महाराष्ट्र में देखी गई थीं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में उसी तरह की धोखाधड़ी की जा रही है, जैसी कर्नाटक और महाराष्ट्र में हुई थी। एसआईआर के बाद प्रकाशित सूची में एक ही पते पर पंजीकृत विभिन्न समुदायों के कई मतदाता दिखाई देते हैं। राहुल गांधी ने इस धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया। मतदाता चोरी हो रही है।

उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में 40 लाख अतिरिक्त वोट जोड़े गए थे, जिसके जरिए चुनाव जीता गया। इसके अलावा, एक लोकसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक वोटों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया। यह मुद्दा सिर्फ किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा है। उदित राज ने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां आठ करोड़ की आबादी के लिए



एसआईआर का काम एक महीने में पूरा करने का दावा किया गया, जो अव्यवहारिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने 70-80 प्रतिशत फर्जी फॉर्म भरे और एक ही कमरे में बैठकर 20-50 मतदाताओं के फॉर्म तैयार किए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना पर्याप्त दस्तावेजों के इतनी बड़ी संख्या में मतदाता कैसे पंजीकृत किए गए। उन्होंने यह भी पूछा कि 65 लाख लोगों के मृत होने या छोड़ देने का क्या प्रमाण है। बिहार में एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची पूरी तरह फर्जी है और इसमें कोई भी ब्योरा दुरुस्त नहीं है। इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों को इस मुद्दे पर एकजुट होकर आगे आना चाहिए।

## हथकरघा आत्मनिर्भर भारत की भावना का सशक्त आधार है: सत्या शर्मा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हथकरघा न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भावना का भी सशक्त आधार है। सत्या शर्मा ने आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि हथकरघा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। आजादी के बाद भी हथकरघा अपनी सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका निभाता आ रहा है। ये सिर्फ कपड़ा नहीं बुनता, ये एक लोककला है, एक विरासत है, एक रोजगार है। जिससे लाखों बुनकरों और कारीगरों का जीवन जुड़ा है।

शर्मा ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया फास्ट फैशन की दौड़ में लगी है, तब भारत के हथकरघा उत्पाद खादी, बनारसी, चंदेरी, इकत, कांथा, पटोला एवं विविधताओं के साथ केवल टिकाऊ हैं जो भारतीयों की पहचान भी है सत्या शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बुनकरों को न केवल सम्मान दिया है, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति पर काम भी किया है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम सभी मिलकर इस परंपरा को



आधुनिक रंग दें और कला के ताने को तकनीक के बाने से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जब हम खादी या हैंडलूम पहनते हैं, तो सिर्फ एक कपड़ा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को अपने तन पर धारण करते हैं। यह एक अनुभव है गर्व, संस्कृति और देशभक्ति का। शर्मा ने कहा कि सभी को वोकल फॉर लोकल को बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए। ताकि भारत आत्मनिर्भर बन सकें।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मोहन यादव से की मुलाकात, आपदा राहत बचाव पर चर्चा

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** केंद्रीय संचार तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री और गुना से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने दिल्ली आवास पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की।यह बैठक प्रदेश में हाल की आपदाओं, क्षेत्रीय विकास, और जनहित से जुड़े मुद्दों पर समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित हुई।बैठक के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपने संसदीय क्षेत्र गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में हाल ही में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ से उत्पन्न हालात की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में आई बाधाएं, और प्रभावित परिवारों की कठिनाइयों को विस्तार से साझा किया।ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन से अनुरोध किया कि प्रभावित जिलों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए। किसानों को समुचित मुआवज़ा और बीमा लाभ शीघ्रता से प्रदान किया जाए। बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, और जल निकासी व्यवस्था की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाए। स्थायी समाधान हेतु जल



प्रबंधन और आपदा तैयारी के दीर्घकालिक उपायों पर विचार किया जाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए आश्वस्त किया कि प्रभावित क्षेत्रों में सरकार हरसंभव मदद और पुनर्वास कार्य को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सिंधिया द्वारा बताए गए जमीनी मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।गौरतलब है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया और मोहन यादव के बीच एक सप्ताह के भीतर दूसरी बैठक है। इससे पहले, 4 अगस्त को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ गुना संसदीय क्षेत्र के शिवपुरी गुना जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था, जहां दोनों नेताओं ने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी थीं और त्वरित सहायता का आश्वासन दिया था।

## दिल्ली : हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली ।**दिल्ली पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आसिफ कुरैशी की पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद गुरुवार देर रात हत्या कर दी गई थी।

यह घटना गुरुवार देर रात करीब 9 बजे निजामुद्दीन थाना क्षेत्र के जंगपुरा भोगल बाजार लेन में हुई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 42 वर्षीय आसिफ कुरैशी पर उस समय तेज धार वाले हथियार (पोकर) से हमला किया गया, जब उन्होंने दो लोगों से उनके घर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास खड़ी स्कूटर हटाने को कहा। पुलिस ने बताया कि विवाद बढ़ गया और यह हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों आरोपी उस समय वहां से चले गए, लेकिन आसिफ को धमकी दी कि वे वापस आएंगे। वे कुछ समय बाद तेज धार वाले पोकर के साथ लौटे और उन पर हमला कर दिया।पुलिस को 7 अगस्त को रात लगभग 10:30 बजे घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने आसिफ को गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ पाया। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी चोटों के



कारण मृत्यु हो गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 3(5) के तहत एक एफआईआर (संख्या 233/25) दर्ज की है। आरोपियों की पहचान उज्जवल (19) और गौतम (18) के रूप में हुई है, जो दोनों दीनेश के बेटे हैं और उसी इलाके (चर्च लेन, भोगल) के निवासी हैं। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया गया है।पुलिस ने कहा, झगड़े के दौरान एक आरोपी ने पीड़ित के सीने पर तेज हथियार से हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। जांच अभी जारी है। आसिफ कुरैशी की पत्नी ने आईएएनएस से बातचीत में साजिश के तहत घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरे पति को जानबूझकर और साजिश के तहत मारा गया है। यह सिर्फ झगड़ा नहीं था, यह इरादतन हत्या थी।

# दही-भल्ला और पकौड़े हुए पुराने, इस राखी पर बनाएं ये 5 मॉर्डन डिशेज, स्वाद है शानदार



**रक्षाबंधन के त्योहारभाई बहन, परिवार और रिश्तेदार मिलकर एक साथ मनाते हैं. घर पर तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं. ऐसे में आप स्नैक्स में दही-भले या पकौड़े की जगह पर ये टेस्टी स्नैक्स बना सकते हैं. जिसके स्वाद की तारीफ मेहमान भी करेंगे. यहां जाने पांच टेस्टी और यूनिक स्नैक्स की रेसिपी**

रक्षाबंधन के त्योहारभाई बहन, परिवार और रिश्तेदार मिलकर एक साथ मनाते हैं. घर पर तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं. ऐसे में आप स्नैक्स में दही-भले या पकौड़े की जगह पर ये टेस्टी स्नैक्स बना सकते हैं. जिसके स्वाद की तारीफ मेहमान भी करेंगे. यहां जाने पांच टेस्टी और यूनिक स्नैक्स की रेसिपी

**चीज पनीर पॉप्स**

आप चीज पनीर पॉप्स बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए पनीर को कद्दूकस करें और उबले हुए आलु को मैश कर लें. इसके बाद इन दोनों को मिक्स करें और इसमें छोटे कटे हुए प्याज, शिमला मिर्च, गाजर, धनिया की पत्तियां, स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च पाउडर और चाट मसाला डालें. इसे अच्छी से मिक्स कर लें. अब इसके छोटे-छोटे बॉल्स और पॉप्स बना लें. इसे 10 से 15 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें. अब एक बाउल में 1 टेबलस्पून कॉर्नफ्लोर और थोड़ा पानी डालकर पतली स्लरी बना लें. हर पॉप को स्लरी में डुबोएं और फिर ब्रेड क्रम्ब्स में रोल करें. कड़ाही में तेल गर्म करें. अब पॉप को इसमें डालकर धीमी आंच पर डीप फ्राई करें. इन्हें टिशू पेपर पर निकालें, ताकि इसमें मौजूद एक्सट्रा ऑयल निकल जाएं.

**वेज स्प्रिंग रोल**

इसे बनाने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें. उसमें तेल कटा हुआ अदरक लहसुन और हरी मिर्च, कटी हुई शिमला मिर्च, प्याज, गाजर, पत्तागोभी, उबले हुए नूडल्स, नमक, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च की चटनी, थोड़ी सी शुगर, कॉर्न फ्लोर, हरी मिर्च की चटनी और सोया सॉस डालकर मिक्स करें. इसके बाद एक बाउल या प्लेट में मैदा लें और उसमें थोड़ा सा कॉर्न फ्लोर, दूध और पानी डालकर डालकर मिक्स कर लें. इसके बाद गर्म तवे पर इस बेटर को डालें और फैला लें. अब नूड्स के मिश्रण और उसमें भरे और फोल्ड कर लें. लीजिए बनकर तैयार है वेज स्प्रिंग रोल.

**क्रिस्पी आलू पनीर चीज बॉल**

एक बाउल में उबले हुए आलू लें और उसे अच्छी तरह से मैश कर लें. इसके बाद इसमें मैदा और नमक डालें. इसे पेस्ट को एक सूती कपड़े में डालें. जैसे जलेबी बनाने के लि उपयोग किया जाता है. अब एक बाउल में कद्दूकस किया हुआ पनीर, चीज, नमक, ओरिगैनो और चिली फ्लेक्स डालकर अच्छे से मिक्स करें. इसके छोटी-छोटी बॉल बना लें. अब बटर पेपर पर आलू से बना पेस्ट डालें और उसपर पनीर की बोल रखें और आलू के पेस्ट से कवर करें. एक पैन में ऑयल डालकर गर्म करें और उसमें इस डीप फ्राई करें. इसे सॉस के साथ सर्व करें.

**सूजी मिनी उत्तपम बाइट्स**

आप सूजी मिनी उत्तपम बाइट्स बना सकते हैं. यह खाने में भी लाइट वेट रहेंगी. इसे बनाने के लिए सबसे पहले सूजी में दही और नमक डालकर इसे 15 से 20 मिनट क लिए ढककर रखें. इसके बाद 15 मिनट बाद सूजी में शिमला मिर्च, टमाटर, प्याज और अपनी पसंद के मुताबिक छोटी कटी हुई सब्जियां मिलाएं. इसमें जरूरत के मुताबिक पानी डालें. ध्यान रखें यह ज्यादा पतला और गाढ़ा न हो. अब तले पर तेल डालकर इस बेटर को फैलाएं और दोनों तरह से सेक लें. तैयार है सूजी मिनी उत्तपम बाइट्स, इसे अब आप चटनी का साथ सर्व करें.

# संविधान बनाम सत्ताविधान

**चुनाव आयोग बताएगा कि आप भारत के नागरिक हैं या नहीं और सुप्रीम कोर्ट बताएगा कि आप सच्चे भारतीय हैं या नहीं, इस समय का सत्ताविधान यही संदेश दे रहा है**




बिहार में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख लोगों के नाम काटे जा चुके हैं, इनमें से जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उन्हें छोड़कर बाकी लोग केवल इसलिए वोट देने से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि अपनी नागरिकता साबित करने की चुनौती वे पूरी नहीं कर पाए। सवाल सरकार से होने चाहिए थे कि अगर लाखों लोग भारत के नागरिक न होने के बावजूद एक राज्य में रह रहे हैं, तो सरकार अब तक क्या कर रही थी? भारतीय व्यंजनचुनाव आयोग बताएगा कि आप भारत के नागरिक हैं या नहीं और सुप्रीम कोर्ट बताएगा कि आप सच्चे भारतीय हैं या नहीं, इस समय का सत्ताविधान यही संदेश दे रहा है। 2024 के चुनाव में जब विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने देश को आगाह किया था कि लोकतंत्र और संविधान दोनों को भाजपा खत्म करना चाहती है, तब उस चेतावनी को न ठीक से सुना गया, न समझा गया। लोकतंत्र और संविधान से ज्यादा महत्व मंदिर वहीं बना दिया गया है की बात को दिया गया। एक धक्का और के नारे लगा-लगाकर जिस बाबरी मस्जिद को तोड़ा गया था, उसी जमीन पर भव्य राम मंदिर बनते देख बहुत से लोगों के कलेजे पर ठंडक पड़ी। लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा कि जब अदालत ने कहा है कि मस्जिद तोड़ना अपराध था, तो फिर उसके अपराधी कहां हैं, उन्हें सजा क्यों नहीं हुई? जो अपराध हुआ था, उस जगह पर मंदिर बनाना क्या इंसाफ कहलाएगा? अगर आज यह अन्याय होने दिया जा रहा है, तो फिर क्या आगे इस अन्याय के रूप और तरीके नहीं बदलेंगे, क्या इसकी चपेट में बाकी लोग नहीं आएंगे? इन सारे सवालों पर जनता गौर कर सकती थी, लेकिन उसे इसकी मोहलत ही नहीं दी गई। जैसे 2014 के चुनावों से पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को सबसे अहम मुद्दा बनाकर अन्ना आंदोलन खड़ा किया गया था, उसकी तरह 2024 के चुनाव से पहले राम मंदिर बनाने को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया गया। इनमें जनता के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े सवाल तो दबे ही, सबके अधिक संविधान पर खतरे का सवाल दब गया। भाजपा को तो फिर से सत्ता मिल गई और नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी। लेकिन जनता को क्या मिला, अपनी नागरिकता और देशभक्ति साबित करने की चुनौती।

बिहार में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख लोगों के नाम काटे जा चुके हैं, इनमें से जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उन्हें छोड़कर बाकी लोग केवल इसलिए वोट देने से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि अपनी नागरिकता साबित करने की चुनौती वे पूरी नहीं कर पाए। सवाल सरकार से होने चाहिए थे कि अगर लाखों लोग भारत के नागरिक न होने के बावजूद एक राज्य में रह रहे हैं, तो सरकार अब तक क्या कर रही थी? लेकिन कमाल ये है कि सरकार पर कार्रवाई नहीं हो रही, जनता पर हो रही है। इसी तरह देश के कई वर्गकिलोमीटर पर चीन कब्जा कर चुका है, यह बात कई बार संसद में, मीडिया में और अन्य मंचों से उठाई जा चुकी है। लेकिन यहां भी सरकार की जिम्मेदारी तय करने की जगह सवाल उठाने वाले राहुल गांधी से कहा गया कि आप सच्चे भारतीय होते तो यह सब नहीं कहते।

सोचने वाली बात है कि क्या सुप्रीम कोर्ट से अब देशभक्ति का सर्टिफिकेट भी जारी किया जाने लगा है? क्या अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की परिभाषा बदल चुकी है और क्या कहना सच्चे भारतीय की निशानी है, क्या कहना सच्चे भारतीय की निशानी नहीं है, यह भी अब सुप्रीम कोर्ट में तय होगा? सवाल यह भी है कि क्या किसी राजनेता को केवल संसद में बोलने का अधिकार है, जो संसद तक नहीं पहुंचा है, क्या वह जनता और देश की आवाज़ उठा नहीं सकता? भारतीय व्यंजनये सारे सवाल इसलिए उठे हैं क्योंकि बीते दिनों कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर मानहानि का एक और मुकदमा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। मुकदमे पर तो अदालत ने रोक तो लगाई, लेकिन उसके साथ जो मौखिक टिप्पणी की, उसे ही फैसला बताते हुए मोदी समर्थकों को भ्रामक सूचना फैलाने का मौका मिला कि राहुल गांधी की हार हुई है। मोतीलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और सोनिया गांधी तक सबके बलिदानों को धृष्टता के साथ भुलाते हुए भाजपा और उसकी ट्रोल आर्मी ने एक बार फिर राहुल गांधी के सच्चे भारतीय होने पर सवाल उठाए। जी हां, सच्चा भारतीय यही शब्द जस्टिस दीपांकर दत्ता ने सुप्रीम कोर्ट में राहुल गांधी के लिए इस्तेमाल किए।मामला 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में की गई उनकी टिप्पणियों से जुड़ा है। हालांकि, राहुल गांधी को अंतरिम राहत दी गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की खंडपीठ ने श्री गांधी की टिप्पणियों पर असहमति जताते हुए मौखिक टिप्पणी की। अदालत में राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से जस्टिस दत्ता ने पूछा %डॉ. सिंघवी बताइए, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीनियों ने कब्ज़ा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? आप बिना किसी सबूत के ये बयान क्यों दे रहे हैं... अगर आप एक सच्चे भारतीय होते तो आप यह सब नहीं कहते। जस्टिस दत्ता ने इससे पहले यह भी कहा कि आपको जो कुछ भी कहना है, संसद में क्यों नहीं कहते? आपको सोशल मीडिया पोस्ट में ऐसा क्यों कहना पड़ता है?हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को अंतरिम राहत दी है। तीन सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम रोक लगा दी गई है। लेकिन हमेशा उन्हें गलत साबित करने में लगे रहने वाले लोगों को इस टिप्पणी के बाद राहुल को घेरने का एक और मौका मिल गया है। माननीय अदालत का कहना है कि राहुल गांधी को सोशल मीडिया पोस्ट की जगह संसद में ये बातें उठानी चाहिए थी। जबकि इस देश का नागरिक होने के नाते राहुल गांधी या कोई भी अन्य नागरिक इन सवालों को उठा सकता है और उठाता रहा भी है। खुद भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी चीन के मुद्दे पर लगातार नरेन्द्र मोदी को घेरते रहे हैं, उनका हाल का ही एक ट्वीट है, जिसमें स्वामी ने लिखा है कि- सबसे कमज़ोर? या फिर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज़्यादा लात खा रहे हैं। अमेरिका और चीन मिलकर स्वयंभू विश्वगुरु को विश्वबुद्ध दिखाने की साजिश रच रहे हैं, और बेशक कश्मीर और पूर्वोत्तर को हड़पना चाहते हैं। चीन पहले ही लद्दाख में घुस चुका है। क्या मोदी सिफ़ं%कोई आया नहीं...% का रोना रोते रहेंगेऐसे कई और उदाहरण हैं, अखबारों की कतरनें हैं, जिनमें चीन की घुसपैठ का जिक्र हुआ है। क्या इन सब पर भी सच्चे भारतीय न होने का इल्जाम लगेगा। साल 2019 में अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद तापिर गाव ने लोकसभा में कहा था कि अगर कहीं दूसरा डोकलाम होगा तो अरुणाचल प्रदेश में होगा। चीन ने भारतीय सीमा में 50 से 60 किलोमीटर तक कब्जा कर रखा है। चीन अरुणाचल प्रदेश में कब्जा करता है, मीडिया में कोई खबर नहीं आती है। उनके अलावा संसद के भीतर अखिलेश यादव, संजय सिंह जैसे सांसदों ने चीन की घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। जब राहुल गांधी लद्दाख गए थे, उस समय वहां के स्थानीय लोगों ने बताया है कि चीन कहां तक घुस आया है और इससे देश पर खतरा बढ़ रहा है।

राहुल गांधी के अलावा भी चीन के अतिक्रमण पर संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह खबरें आई हैं, बयान आए हैं, फिर अकेले राहुल गांधी को सच्चे भारतीय होने या न होने का सर्टिफिकेट क्यों बांटा गया है, यह सोचने वाली बात है। इस टिप्पणी के वक्त को देखें तो परतें और खुलती हैं। इस समय भाजपा बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर घिरी हुई है, इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में संसद में मोदी सरकार विपक्ष के सामने पस्त दिखी। प्रधानमंत्री मोदी के दोस्त डोनाल्ड ट्रंप भारत पर न केवल टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं, वे भारत का अपमान भी कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की इस पर चुप्पी उनकी 56 इंची छाती वाली छवि को तोड़ रही है। इस बीच राहुल गांधी ने ऐलान किया है कि वे कर्नाटक जाकर चुनाव आयोग की गड़बड़ी पर पुख्ता सबूत देंगे, इसे उन्होंने एटम बम कहा है। जनता की उत्सुकता बढ़ी हुई है कि आखिर इस बम के फटने पर कहां, किसकी पोल खुलेगी। यानी माहौल इस समय पूरी तरह से इंडिया गठबंधन की तरफ झुका हुआ है और सरकार की नाकामियां बढ़-चढ़कर सामने आ रही हैं। इस बीच राहुल गांधी के हक में फैसला सुनाते हुए भी उन पर की गई एक मौखिक टिप्पणी से समूची भाजपा को फिर से राहुल गांधी की छवि बिगाड़ने का मौका मिल गया। हालांकि इसमें भी भाजपा कामयाब नहीं हो पाई, क्योंकि संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने एक सुर से इस टिप्पणी को गलत बताते हुए राहुल गांधी का साथ दिया है।राहुल गांधी के जीवन का लंबा हिस्सा इस तरह के संघर्षों में बीता है, तो वे इससे भी पार पा जाएंगे। लेकिन जनता को यह सोचना होगा कि जिस संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई इस समय इंडिया गठबंधन लड़ रहा है, वो आखिर किन के लिए हैं। आज नागरिकता और देशभक्ति के लिए सबूत मांगे जा रहे हैं, कल संविधानप्रदत्त बाकी अधिकारों को किसी न किसी बहाने छीना जाएगा। आज अगर इस सत्ताविधान की चालाकी को अनदेखा किया गया, तो फिर बर्बादी में वक्त नहीं लगेगा।

संपादकीय

# कर्ज का मर्ज

कभी देश की किसानी के लिये आदर्श कहे जाने वाले पंजाब के किसान आज कर्ज के मर्ज से इतना क्यों त्रस्त होते जा रहे हैं, यह गंभीर विमर्श का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, मौजूदा हालात में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। हाल ही में लोकसभा में पेश की गई नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट की रिपोर्ट पंजाब के किसानों की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करती है। जो उन्हें देश में संस्थागत ऋण लेने वाले किसानों की सूची में शीर्ष पर रखती है। यह रिपोर्ट कई चौंकाने वाले खुलासे करती है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राज्य के लगभग पच्चीस लाख किसानों ने कृषि कार्यों के लिये विभिन्न बैंकों से ऋण लिया है। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज चढ़ा है। इससे पहले देश की संसद को सूचित किया गया था कि पंजाब में वर्ष 2017 से 2021 तक करीब एक हजार किसानों ने अपनी जीवन लीला आत्महत्या करके समाप्त कर ली थी। दरअसल, जांच-पड़ताल में यह बात भी सामने आई थी कि इन आत्महत्याओं के मूल में कर्ज का भारी बोझ ही था। कर्ज न चुका पाने या कर्ज वसूली के तौर-तरीकों से आहत किसान मौत को गले लगाना अंतिम समाधान मानने लग जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इस संकट से सिर्फ किसान ही जूझ रहे हैं, कमोबेश खेतिहार मजदूरों के लिये भी परिदृश्य उतना ही निराशाजनक है। दरअसल, पिछले साल अर्थशास्त्रियों के पटियाला स्थित एक थिंक टैंक द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि पंजाब में खेतों में काम करने वाले मजदूरों पर उनकी वार्षिक आय से चार गुना कर्ज चढ़ा हुआ था। यह कर्ज औसतन चौबीस हजार रुपये बताया गया था। यह अध्ययन कई गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान दिलाता है। इस अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 के बीच 898 खेतिहर मजदूरों ने भी आत्महत्या करके जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

निस्संदेह, ये हालिया आंकड़े कृषि की चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। वहीं दूसरी ओर ये आंकड़े उन कृषि नीतियों पर सवालिया निशान लगाते हैं, जो अनाज उत्पादक किसानों की आर्थिक परेशानियों को कम करने के लिये लागू करने की बात देश के नीति-नियंता करते हैं। पंजाब की आम आदमी सरकार विगत में दावे करती रही है कि वह अपनी किसान कल्याण नीति के निर्माण की दिशा में तेजी लायेगी। साथ ही यह भी कह रही है कि वह चुनाव के दौरान किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिये किये गये वायदे को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह साफ है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान लाई गई ऋण माफी योजना के प्रभावी परिणाम सामने नहीं आये हैं।

जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किसानों की किस्मत बदलने के लिये सिर्फ राहत पैकेज से काम नहीं चलेगा। इसके लिये कुछ ठोस कदम उठाने की भी जरूरत होगी। दरअसल कृषि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिये प्रभावी और महत्वपूर्ण स्थायी कदम उठाने की जरूरत है। मौजूदा ऋण संकट के अलावा नीति-नियंताओं को लगातार बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बीच व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत होगी। इसके अंतर्गत जहां पर्यावरण अनुकूल और अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों के विविधीकरण पर बल देने की जरूरत है, वहीं भूजल संकट को भी नियंत्रित करने की आवश्यकता होगी। साथ ही फसलों के उन बीजों के शोध व अनुसंधान पर भी काम करना होगा जो कम बारिश व अधिक तापमान के बीच उत्पादकता को बढ़ा सकती हैं। अन्यथा हमारी खाद्य शृंखला संकट में पड़ सकती है। इसमें पराली जलाने से उपजे संकट का भी समाधान निकालना होगा। इसमें दो राय नहीं कि जो किसान देश के नागरिकों की थाली में भोजन पहुंचाने के लिये तन झुलसाती गर्मी, रक्त जमाती सर्दी और बारिश में कड़ी मेहनत करते हैं, वे बेहतर सुविधाओं के हकदार हैं। ताकि उनके लिये कृषि महज घाटे का सौदा साबित न हो।

# सरकारों की विकासलीला

## उत्तराखंड के धराली में बादल फटने की घटना ने एक बार फिर केदारनाथ हादसे की याद दिला दी है







उत्तराखंड के धराली में बादल फटने की घटना ने एक बार फिर केदारनाथ हादसे की याद दिला दी है, जिसमें हजारों जिंदगियां तबाह हो गई थीं। केदारनाथ से धराली के बीच बाढ़ और भूस्खलन के कई और हादसे देश के अन्य इलाकों में हो चुके हैं। जान-माल का भारी नुकसान होने के बावजूद ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से कोई सबक हमने नहीं लिया है। हर बड़ी दुर्घटना को प्रकृ ति की विनाशलीला कहकर अपने सिर से जिम्मेदारी झटक दी जाती है। हम कभी यह नहीं कहते कि ये दुर्घटनाएं लोभी सरकारों की विकासलीला का परिणाम हैं। हिमालय को भारत का मुकुट बताकर उस पर गर्व करना, हिमालय की सुंदरता का बखान, उस पर धार्मिक पहचान का ठप्पा इन सबके चक्कर में हिमालय की वास्तविकता से आंख चुराई जाती रही। सत्ता में बैठे बहुत कम लोग इस बात की फिक्र करते हैं कि उनके फैसलों का असर भौगोलिक संरचना को कैसे बिगाड़ रहा है।मंगलवार को धराली में सैलाब ने बस्ती को उजाड़ दिया। हर्षिल क्षेत्र में खीर गंगा गदेरे (गहरी खाई या नाला) का जलस्तर अचानक बढ़ने से धराली गांव में एक के बाद एक बड़ी लहरें आई और समूचे गांव को मिनटों में सूना कर दिया। इस घटना में 40 से 50 घर बह गए हैं और सौ से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। असल में कितनों की मौत हुई, कितने बचे, कितने लापता हुए इसका कुछ पता नहीं है। एक स्थानीय नागरिक के मुताबिक गांव के ज़्यादातर लोग एक पूजा में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। चार अगस्त की रात और पांच अगस्त की सुबह भी पूजा थी। पूरा गांव पूजा में शामिल हो रहा था, अगर हादसा चार तारीख को होता, तो शायद नुकसान और बड़ा होता। गौरतलब है कि धराली गंगोत्री के रास्ते में पड़ता है और ये जगह हर्षिल वैली के पास है, यहीं कल्प केदार का है, जहां श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। चारधाम यात्रा का रास्ता धराली से होकर भी गुज़रता है. ऐसे में श्रद्धालु कई बार धराली के होटलों में भी रुकते हैं।खीरगंगा के उफन कर बहने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि छोटे-बड़े घरों, दो मंजिला मकानों, होटलों तक सब सैलाब में बहते गए, वीडियो में घबराए लोगों की चीख-पुकार भी सुनी जा सकती है, वहीं पहाड़ के ऊपर की तरफ से लगातार सीटियों की आवाज सुनाई दे रही है। दरअसल ये सीटियां मौजमस्ती की नहीं, बल्कि चेतावनी की है। मुखबा गांव से धराली गांव के ऊपर के क्षेत्र की पहाड़ियां दिखाई देती हैं। मुखबा के लोगों ने पहाड़ी से जैसे ही खीर गंगा को उफन कर नीचे आते देखा तो धराली के लोगों को आगाह करने के लिए सीटियां बजानी शुरू कर दी। अब इस चेतावनी को कितनों ने समझा और कितनों ने अपनी जान बचाई, इसका कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। वैसे स्थानीय लोगों के मुताबिक पहाड़ों पर सीटी बजाकर आपदा की सूचना देने का तरीका काफी पहले से आजमाया जाता रहा है।पहाड़ों की कहानियों, मुहावरों, लोकोक्तियों में भी कई तरीके से इस बात को समझाया गया है कि जंगल, नदी, पहाड़ों के साथ इंसान का व्यवहार कैसा होना चाहिए। अगर इंसान अपनी हद पार करे तो फिर क्या नुकसान हो सकता है, यह भी लोकभाषा में वर्णित है। मगर आधुनिकता की हनक में लोक संस्कृति, व्यवहार और भाषा का तिरस्कार किया जाता है, जिसका खामियाजा कभी न कभी भुगतना ही पड़ता है। उत्तराखंड को लेकर काफी अर्से से चेतावनी दी जाती रही है कि यहां का मिज़ाज समझ कर ही फैसले लिए जाने चाहिए। किंतु इन चेतावनियों को लगातार नजरंदाज कर धर्म के नाम पर पर्यटन को बढ़ाना और विकास के नाम पर पहाड़ों का दोहन जारी है। विकास और रोजगार के नाम पर तेजी से पहाड़ों को काटा जा रहा है, कहीं सुरंग, कहीं पुल, कहीं सड़कें बन रही हैं। लाखों पेड़ काटकर, जंगल उजाड़ कर कारखाने लगाए जा रहे हैं, बड़े बांध बन रहे हैं। इन सबका दुष्परिणाम बार-बार सामने आ रहा है। हर बार तबाही के बाद सरकार के रटे-रटाए वाक्य सामने आते हैं कि मुश्किल की इस घड़ी में हम लोगों के साथ हैं। यथासंभव राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मृतकों के लिए हमारी संवेदनाएं हैं। मगर अब जनता को पूछना चाहिए कि क्या वाकई आपकी संवेदनाएं हमारे साथ हैं, अगर हैं तो फिर बार-बार ऐसे हादसे क्यों हो रहे हैं।मंदिरों में भीड़ बढ़ाने के लिए कहीं ऑल वेदर रोड बन रही है, कहीं हेलीकॉप्टरों से श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। क्या दो मिनट वाले भोजन की तरह भक्ति का फल भी दो मिनट में चाहिए। पहले तीर्थाटन कठिन होते थे, क्योंकि व्यक्ति कष्ट सहकर अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंचता था। दुस्साध्य यात्रा कर व्यक्ति परमात्मा से पहले स्वपरिचय प्राप्त करता था। जीवन के उन पहलुओं पर विचार के अवसर तीर्थ यात्री को दुर्गम रास्तों पर मिलते थे, जो सांसारिक जीवन में मगन रहते हुए नहीं मिलते हैं। मगर अब व्यस्त जीवन से कुछ पल भक्ति के लिए निकालने हैं तो उसमें भी सारी सुविधाएं चाहिए। भक्त ज्यादा आएंगे तो मंदिरों में चढ़ावा ज्यादा आएगा, आसपास के व्यापार, कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, हो सकता है कुछ लोगों के लिए कमाई के अवसर बढ़ें। लेकिन दो पल में ही कैसे ये सब तबाह हो सकता है, ये उत्तराखंड में फिर नजर आ गया है। विडंबना यही है कि प्रकृति के संदेश को समझ कर भी अनदेखा किया जा रहा है।

## केन्या की राजधानी नैरोबी में एक लाइट एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

एजेंसी

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी के एक घनी आबादी वाले इलाके में एक हल्का विमान (लाइट एयरक्राफ्ट) दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह जानकारी चिकित्सा संगठन एएमआरईएफ फ्लाइंग डॉक्टर्स ने दी, जो इस विमान का संचालन कर रहा था। यह सेस्ना विमान था जो सोमालिया के ब्रेकअवे क्षेत्र सोमालिलैंड की राजधानी हरगेसा जा रहा था। विमान में चार यात्री सवार थे। यह विमान नैरोबी के गिथुराई उपनगर में घरों पर गिर गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय चैनल सिटीजन टीवी के अनुसार, विमान रिहायशी इमारतों से टकराया, जिसमें स्थानीय पुलिस के मुताबित दो लोगों की जान गई है। फिलहाल इस विमान दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। बचाव कार्य में जुटी एजेंसियां मलबा हटाने और हताहतों की पहचान करने में लगी हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने जोरदार धमाके की आवाज सुनी, फिर एक आग का गोला देखा और मलबा पूरे मोहल्ले में बिखरा पड़ा था। पूर्वी अफ्रीका में हल्के विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। अप्रैल 2024 में केन्या के सैन्य प्रमुख सहित 10 लोग हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए थे। सुरक्षा और तकनीकी जांच की कमी को इन घटनाओं के पीछे एक बड़ा कारण माना जाता है।

## ट्यूनिशिया में राष्ट्रपति समर्थकों का यूजीटीटी यूनियन के खिलाफ प्रदर्शन

**ट्यूनिस।** ट्यूनिशिया की राजधानी ट्यूनिस में राष्ट्रपति कैस सईद के सैकड़ों समर्थकों ने शक्तिशाली यूनियन यूजीटीटी (ट्यूनिशियन जनरल लेबर यूनियन) के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई देशव्यापी परिवहन हड़ताल को लेकर नाराजगी जताई और राष्ट्रपति से यूनियन को निलंबित करने की मांग की। इस प्रदर्शन से देश में राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है, खासकर तब जब यूजीटीटी को उत्तर अफ्रीका के इस देश में अंतिम बची कुछ स्वतंत्र संस्थाओं में से एक माना जाता है। राष्ट्रपति समर्थकों ने प्रदर्शन के दौरान नारे भी लगाए। उन्होंने जनता चाहती है कि यूनियन को निलंबित किया जाए! और यूनियन गैंग्स पर कार्रवाई हो! नारे लिखे तख्ती के साथ प्रदर्शन किया। वहीं, यूजीटीटी ने आरोप लगाया कि यूनियन के खिलाफ प्रदर्शन में अपराधी गिरोह शामिल थे, जो बच्चों को भड़काकर यूनियन मुख्यालय पर हमला करने के लिए लाए गए थे। यूनियन के प्रवक्ता सामी ताहरी ने दावा किया कि इन प्रदर्शनों के पीछे सरकारी हाथ है। यूजीटीटी के सदस्यों ने भी पलटवार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे यूनियन स्वतंत्र और अडिग रहेगी लगाए।

## गाजा कब्जे की योजना पर अहम बैठक से पहले आईडीएफ प्रमुख बोले - असहमति संस्कृति जरूरी

**यरुशलम।** इजराइली सेना (आईडीएफ) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि असहमति की संस्कृति इजराइली समाज और सेना की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। यह बयान उन्होंने उस महत्वपूर्ण सुरक्षा कैबिनेट बैठक से कुछ घंटे पहले दिया, जिसमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पट्टी पर पूर्ण कब्जा करने की योजना पर चर्चा होनी है। जनरल जामिर ने स्पष्ट किया कि वे डर के बिना, स्वतंत्र और पेशेवर तरीके से अपनी राय रखना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वे नेतन्याहू की योजना के विरोध में हैं, जिसमें पूरे गाजा क्षेत्र पर सैन्य कब्जा करने की बात कही गई है। इस योजना का उद्देश्य गाजा में हमास आतंक संगठन का पूरी तरह सफाया करना और अब भी बंधक बनाए गए करीब 50 बंधकों को छुड़वाना है, जिनमें से केवल 20 के जीवित होने की संभावना जताई जा रही है। योजना के तहत सबसे पहले गाजा सिटी (उत्तर गाजा) और मध्य क्षेत्र के रिफ्यूजी कैंपों पर कब्जा किया जाएगा, जिससे करीब आधी आबादी को दक्षिणी हिस्से मावासी मानवीय क्षेत्र की ओर धकेला जाएगा। बंधकों के परिवारों ने योजना का कड़ा विरोध किया है। आईडीएफ के शीर्ष अधिकारियों ने चेताया है कि इससे बंधकों की जान जोखिम में पड़ सकती है। कई परिवारों ने गाजा की ओर नौकाओं से यात्रा की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की गुहार लगाई।

## श्रीलंका में उप रक्षामंत्री जयशेखर के खिलाफ विपक्ष सोमवार को पेश करेगा अविश्वास प्रस्ताव

**कोलंबो।** श्रीलंका के विपक्ष ने उप रक्षामंत्री अरुणा जयशेखर के खिलाफ संसद में अगले सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की घोषणा की है। विपक्ष ने चेतावनी दी कि अगर उन्होंने इस्तीफा देने से इनकार किया तो और खुलासे किए जाएंगे। डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार, समागी जन बालावेगया (एसजेबी) के सांसद मुजीबुर रहमान ने संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य 2019 ईस्टर संडे बम हमलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना है। उन्होंने पारदर्शी और विश्वसनीय जांच के लिए उप रक्षामंत्री से पद छोड़ने का आग्रह किया। सांसद रहमान ने कहा, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने स्वयं ईस्टर संडे बम हमलों की जांच की चुनौती को स्वीकार किया है, खासकर जब वर्तमान सरकार के सदस्य इसमें शामिल हो सकते हैं। निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उप रक्षामंत्री का इस्तीफा देना ही उचित है।

## इजरायल गाजा पर शासन करना नहीं चाहता, बस हमास को खत्म करना उद्देश्य : पीएम नेतन्याहू

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश गाजा पट्टी पर पूर्ण सैन्य नियंत्रण लेने की योजना तो बना रहा है, लेकिन वह इस पर शासन करने की मंशा नहीं रखता है। नेतन्याहू ने अमेरिकी मीडिया को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। फॉक्स न्यूज से उन्होंने कहा कि गाजा को हमास से मुक्त करने और वहां की आबादी को सुरक्षित करने के लिए इजरायल पूरे 26 मील के क्षेत्र पर नियंत्रण लेगा। उन्होंने कहा, हम इसे रखना नहीं चाहते। हम एक सुरक्षा परिधि बनाएंगे, लेकिन हम इसे शासकीय निकाय के रूप में नियंत्रित नहीं करना चाहते।नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल गाजा को एक ऐसी अरब शक्ति को सौंपना चाहता है जो उचित शासन करे, इजरायल के लिए खतरा न बने और गाजा के लोगों को बेहतर जीवन प्रदान करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि न तो




हमास और न ही फिलिस्तीनी अथॉरिटी (पीए) को गाजा का नियंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य गाजा पर कब्जा करना या उसे अपने साथ मिलाना नहीं है। हमारा उद्देश्य हमास को नष्ट करना, बंधकों को वापस लाना और फिर गाजा को एक अस्थायी सरकार के हवाले करना है जो न तो हमास हो और न ही कोई ऐसा समूह जो इजरायल के विनाश की वकालत करता हो। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल सुरक्षा प्रदान करेगा और एक सुरक्षा परिधि स्थापित करेगा। उन्होंने दावा किया कि अगर हमास हथियार डाल दे और बंधकों को रिहा कर दे, तो युद्ध कल ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा के कुछ फिलिस्तीनी भी हमास के खिलाफ लड़ रहे हैं। हालांकि, नेतन्याहू के बयानों को हमास ने पूरी तरह खारिज कर दिया। जॉर्डन ने भी कहा कि वह गाजा के भविष्य के लिए केवल वही फैसले स्वीकार करेगा जो फिलिस्तीनियों की सहमति से हों। अरब देशों ने गाजा के पुनर्निर्माण में मदद की इच्छा जताई है, लेकिन उन्होंने पीए की भागीदारी को अनिवार्य बताया है, क्योंकि वे वेस्ट बैंक और गाजा में एक ही शासकीय निकाय के जरिए दो-राज्य समाधान की दिशा में काम करना चाहते हैं।

## कंबोडिया और थाईलैंड ने संघर्षविराम समझौते पर किए हस्ताक्षर, क्षेत्रीय निगरानी प्रणाली पर सहमति

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच एक महत्वपूर्ण संघर्षविराम समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। यह समझौता मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित असाधारण जनरल बॉर्डर कमेटी (जीबीसी) बैठक के बाद किया गया, जिसमें दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कंबोडियाई पक्ष के अनुसार, बैठक में संघर्षविराम व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और कई बिंदुओं पर आपसी सहमति बनी। इनमें क्षेत्रीय निगरानी तंत्र की स्थापना, आपसी विश्वास की बहाली और पकड़े गए सैनिकों के साथ अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत व्यवहार करने की सहमति शामिल है। थाई प्रतिनिधियों ने भी पुष्टि की कि दोनों देशों के बीच संवाद बनाए रखने, समस्याओं को द्विपक्षीय तंत्र के माध्यम से सुलझाने और आसियान देशों को संघर्षविराम की निगरानी की अनुमति देने पर सहमति बनी है। दोनों पक्षों ने यह भी




तय किया कि अगली असाधारण जीबीसी बैठक एक माह के भीतर आयोजित की जाएगी, ताकि संघर्षविराम को मजबूत किया जा सके और क्षेत्रीय शांति बनाए रखी जा सके।यह समझौता क्षेत्रीय स्थिरता के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, विशेष रूप से ऐसे समय में जब सीमा पर तनाव बढ़ता हुआ देखा गया था।

## दिल्ली एयरपोर्ट से 40 नेपाली महिलाओं को डिपोर्ट करके वापस भेजा गया

एजेंसी

**काठमांडू।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 40 नेपाली महिलाओं के एक समूह को उस समय डिपोर्ट किया गया, जब वो बिना उचित अनुमति यात्रा वीजा पर विभिन्न खाड़ी देशों में रोजगार के लिए जाने वाली थी। इन महिलाओं के पास विदेश में नौकरी के लिए नेपाली दूतावास के नाम का फर्जी अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला है, इसलिए इन्हें नई दिल्ली में नेपाली दूतावास के समन्वय से हिरासत में ले लिया गया। नेपाली दूतावास के उपनियोग प्रमुख डॉ. सुरेन्द्र थापा ने बताया कि सामान्य पूछताछ के बाद इन सभी महिलाओं को सड़क मार्ग से वापस नेपाल भेजने की तैयारी की जा रही है। नेपाल के सुनौली भैरहवा सीमा पर इनको नेपाली अधिकारियों को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल के एयरपोर्ट पर कड़ाई किए जाने के बाद अधिकांश महिला अब दिल्ली पहुंचकर वहां से खाड़ी मुल्कों में जाने के लिए विमान



पकड़ती हैं। डॉ. थापा ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट से डिपोर्ट की गई महिलाएं दुबई, कतर, ओमान, इराक आदि देशों में जाने की तैयारी में थी। इससे पहले भी पिछले हफ्ते ही नेपाल की 47 महिलाओं को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर उन्हें नेपाल वापस भेज दिया गया था। उस घटना के बाद गृह मंत्री रमेश लेखक ने नेपाल में सक्रिय गिरोह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, जो महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर दिल्ली के रास्ते खड़ी मुल्कों में भेजने का काम करते हैं।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बम विस्फोट, चार नागरिकों की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले के एक व्यस्त बाजार में एक पुलिस वाहन पर बम विस्फोट किया गया, जिसमें कम से कम चार नागरिकों की मौत हो गई और दो पुलिसकर्मियों सहित 14 अन्य घायल हो गए। अभी तक किसी ने भी बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पुलिस ने बताया कि बम विस्फोट में पुलिस वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। मृतकों में राहगीर और दुकानदार हैं। यह विस्फोट वाना बाजार में मुख्य टैक्सी स्टैंड के पास भीड़भाड़ वाले समय में हुआ। विस्फोट होते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस वाहन के टैक्सी स्टैंड के पास रुकने के कुछ ही देर बाद बम विस्फोट हुआ। इससे कई दुकानों के शीशे टूट गए और भगदड़ मच गई। घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया।



अस्पताल के चिकित्सकों ने पुष्टि की कि चार नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दो घायलों की हालत भी गंभीर है। घायलों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। वाना के डीएसपी शकीरुल्लाह ने बताया कि यह विस्फोट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किया गया। दक्षिण वजीरिस्तान लोअर के उपायुक्त ने घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं।हालांकि, पूर्व में ऐसे हमले प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किए हैं, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि टीटीपी सीमा पार अफगानिस्तान में अपने सुरक्षित ठिकानों से पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हाल के महीनों में इस अशांत जिले के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिकों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों में तेजी से वृद्धि हुई है। वाना, बिरमल, शाकाई और लाधा जैसे इलाकों में अब ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं।

## उत्तराखंड के धराली में पांच नेपाली नागरिकों की मौत, 23 लोग लापता

एजेंसी

**काठमांडू।** गृह मंत्रालय के सचिव गोकर्ण मणि दवाडी ने उत्तराखंड के धाराली में बादल फटने की घटना के बाद आई भीषण बाढ़ में जाजरकोट के पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि भारतीय पक्ष से जानकारी मिलने के बाद की है। इसी तरह लापता हुए व्यक्तियों की संख्या 23 तक पहुंच गई है। नेपाल के विभिन्न जिलों से जानकारी इकट्ठा करने के बाद गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय ने बताया है कि उत्तराखंड में बुधवार को आई बाढ़ में अब तक 5 नेपाली नागरिकों के मौत की पुष्टि हुई है। मरने वालों में सभी जाजरकोट जिला के रहने वाले हैं। इसी तरह बर्दिया, धादिंग और जाजरकोट जिले के 23 नेपाली नागरिक लापता हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक बर्दिया के जिला प्रशासन ने 5 लोगों के लापता होने की जानकारी दी है।इसी तरह जाजरकोट जिले के 13 लोगों के लापता होने की जानकारी स्थानीय जिला प्रशासन ने दी। शुक्रवार की



सुबह धादिंग जिला प्रशासन ने भी 5 लोगों के लापता होने की सूचना गृह मंत्रालय को दी है। बर्दिया जिला के प्रमुख जिला अधिकारी सुरेन्द्र पौडेल के मुताबिक इस जिले के विभिन्न परिवारों ने अपने रिश्तेदारों के लापता होने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पांच लोगों के लापता होने की पुष्टि उत्तराखंड में रहे अन्य नेपाली नागरिकों से भी की गई है। इस घटना में तीन नेपाली नागरिकों के गंभीर रूप से घायल होने की भी जानकारी मिली है। इसी तरह जाजरकोट जिले के कुशे गांव के प्रधान हरिचंद्र बस्नेत ने इस गांव के 13 लोगों के लापता होने की बात कही है। बस्नेत ने अपने बयान में कहा है कि यह संख्या और अधिक बढ़ सकती है। उत्तराखंड के धाराली में रहने वाले एक नेपाली परिवार के सात लोग भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। कुशे गांव के ही रहने वाले नवीन सिंह नामक युवक ने बताया कि उसके पिता मान बहादुर सिंह सहित सात सदस्य बाढ़ की चपेट में आने के बाद से ही लापता हैं। नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास के कार्यवाहक राजदूत डॉ. सुरेन्द्र थापा ने बताया कि नेपाल के विदेश मंत्रालय से नेपाली नागरिकों के लापता होने की जानकारी मिलने के बाद यहां दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय करके लापता नेपाली नागरिकों के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे 12 साल तक रहेंगे नजरबंद, धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने के केस में अदालत ने सुनाई सजा

एजेंसी

**बोगोटा (कोलंबिया)।** देश के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को शुक्रवार को धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत के केस में 12 साल तक नजरबंद रखने की सजा सुनाई गई। उरीबे ने खुद को निर्दोष बताया है। बचाव पक्ष के वकील ने बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया के फैसले के खिलाफ अपील दायर करने की घोषणा की है। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, 73 वर्षीय उरीबे को न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने चार दिन पहले इस केस में दोषी ठहराते हुए एक अभियोजक को कथित तौर पर रिश्वत देने के एक अन्य आरोप से बरी कर दिया था। उरीबे 2002 से 2010 तक कोलंबिया के राष्ट्रपति रहे हैं। वह देश के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक रूप से दोषी ठहराया गया है। यह मामला 2012 का है। विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको पार्टी के उरीबे ने सत्तारूढ़ हिस्टोरिक पैक्ट के सीनेटर इवान सेपेडा पर एक अर्धसैनिक समूह के गठन से जोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। सेपेडा ने इन आरोपों से इनकार किया था। 2018 में नया मोड़ तब आया जब कोलंबियाई उच्चतम न्यायालय ने कथित गवाहों से छेड़छाड़ के लिए उरीबे के खिलाफ जांच शुरू करने का फैसला किया। मई 2024 में अभियोजक कार्यालय ने औपचारिक रूप से उन पर तीन अपराधों का आरोप लगाया। इसके बाद 67 दिनों तक मुकदमा चला। उरीबे ने अदालत की पूरी कार्यवाही के दौरान अपनी बेगुनाही का दावा किया।

## पुतिन-ट्रंप के बीच जल्द होगी बैठक, यूक्रेन युद्ध का निकल सकता है समाधान

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच जल्द ही आमने-सामने की बैठक के लिए दोनों देश सहमत हो गए हैं। पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात में इस शिखर सम्मेलन के आयोजन का संकेत दिया है।

के बाद राष्ट्रपति पुतिन के साथ किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की आमने-सामने यह पहली बैठक होगी जब पुतिन ने यूक्रेन सीमा के पास सैन्य जमावड़े को लेकर जिनेवा में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। दी मॉस्को टाइम्स के मुताबिक क्रेमलिन के अधिकारियों ने घोषणा करते हुए कहा है कि व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आने वाले दिनों में एक बैठक पर सहमति बन गई है।



क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने रूसी सरकारी मीडिया को बताया कि अमेरिकी पक्ष के सुझाव पर आने वाले दिनों में एक द्विपक्षीय उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के लिए प्रारंभिक सहमति बनी है। राष्ट्रपति पुतिन ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए संकेत दिया कि ट्रंप के साथ यह शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात में हो सकता है। हालांकि पुतिन ने उनके यूक्रेनी समकक्ष के साथ बैठक की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवाल को दूर की बात कहते हुए टाल दिया। गौरतलब है कि पुतिन और ट्रंप के बीच बैठक को लेकर सहमति की खबर तब सामने आई है ।

जब अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने हाल ही में मास्को में पुतिन से मुलाकात की है। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की कोशिशों के रूप में पुतिन-ट्रंप की बातचीत अहम साबित हो सकती है। खास बात यह है कि ट्रंप ने 8 अगस्त तक रूस को शांति वार्ता की मोहलत दी है जिसके लिए राजी नहीं होने पर रूस पर भारी-भरकम टैरिफ की धमकी दी गई है।

## इजराइल की सेना समूचे गाजा में नियंत्रण के विरोध में!

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल की सेना समूचे गाजा पर पूर्ण नियंत्रण (कब्जे) के विरोध में है। इजराइली सुरक्षा अधिकारियों का अनुमान है ऐसा करने के लिए पांच साल तक लगातार युद्ध की आवश्यकता हो सकती है। बंधकों के परिवारों को चिंता है कि हमास उनके प्रियजनों को मार सकता है या इजराइली सेना अनजाने में उनकी हत्या कर सकती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इजराइली सेना ने कहा है कि उसने गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इजराइल के नियंत्रण से बाहर का मुख्य क्षेत्र उत्तर में गाजा शहर से दक्षिण में खान यूनिस तक फैली एक तटीय पट्टी है। गाजा में रहने वाले 20 लाख फिलिस्तीनियों में से कई इन इलाकों में तंबुओं, अस्थायी आश्रयों और अपार्टमेंटों में सिमट गए हैं। इजराइल की सेना की यह टिप्पणी सुरक्षा मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे के प्रस्ताव को मंजूरी के बीच आई है। सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इनमें सबसे प्रमुख हैं गाजा पट्टी में इजराइली सुरक्षा बलों का नियंत्रण और नया नागरिक प्रशासन। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की जानकारी दी। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, पांच सिद्धांतों में हैं- आतंकवादी समूह हमास का निरस्त्रीकरण। सभी बंधकों की वापसी वह चाहे जीवित हों या मृत। गाजा का पूरी तरह विसैन्यीकरण। गाजा में इजराइली सुरक्षा बलों का नियंत्रण और एक ऐसे नागरिक प्रशासन की स्थापना जिसमें हमास और फिलिस्तीनी प्राधिकरण नहीं होंगे। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, सुरक्षा मंत्रिमंडल ने पांचों सिद्धांतों को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है।

सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक से पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इज़राइल गाजा पर शासन नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, हम इसे अरब ताकतों को सौंपना चाहते हैं जो हमें धमकी दिए बिना इसका उचित शासन करेंगी और गाजावासियों को एक अच्छा जीवन प्रदान करेंगी। यह सब हमास के साथ संभव नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में साफ किया है, सुरक्षा मंत्रिमंडल ने हमास को हराने के लिए प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी पर अमेरिका ने 50 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम की राशि को दोगुना करते हुए इसे 50 मिलियन डॉलर कर दिया है। मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम की यह राशि, अमेरिका की तरफ से आतंकी संगठन अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पकड़ने के लिए घोषित की गई इनाम की राशि से दोगुनी है।

अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स वीडियो जारी कर इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 50 मिलियन डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। वीडिया संदेश में पैम बॉन्डी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की अगुवाई में मादुरो बच नहीं पाएंगे और उन्हें उनके घृणित अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।

अमेरिका ने मादुरो पर दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में शामिल सिनालोआ कार्टेल जैसे अपराधी समूह के साथ काम करने का आरोप लगाते हुए अमेरिका में फेंटेनाइल युक्त कोकीन की बाढ़ लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2020 में मैनहट्टन संघीय अदालत में मादुरो पर उनके कई करीबी सहयोगियों के साथ कोकीन आयात करने की साजिश के संघीय आरोपों में अभियोग लगाया गया था।

## नेपाल पुलिस ने किया किडनी तस्कर के अंतर्देशीय गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाली युवकों को भारत के नौकरी का झांसा देकर ले जाने तथा उनकी किडनी निकल कर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया किया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इस संगठित और सीमा पार मानव अंग तस्करी अपराध में नेपाल के तीन व्यक्तियों की संलिप्तता थी जो कि काभ्रेपलाञ्चोक और नुवाकोट जिले के रहने वाला बताया गया है। नेपाल पुलिस के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो के अनुसार, गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में 35 वर्षीय राजकुमार परियार (जिसे कुमार के नाम से जाना जाता है), 24 वर्षीय समीर नेपाली और 47 वर्षीय राकेश नेपाली शामिल हैं। ब्यूरो के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कृष्ण प्रसाद पंगेनी ने बताया कि संदिग्धों को काठमांडू और काभ्रे से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी पंगेनी ने कहा कि आरोपी ने मई 2025 में एक पुरुष को काठमांडू के कोटेश्वर से भैरहवा में सुनौली सीमा के रास्ते चंडीगढ़ ले जाया था। पुलिस की जांच से पता लगा है कि किडनी तस्कर गिरोह ने इस युवक को चंडीगढ़ के एक होटल में काम दिलाने और मासिक रूप से 10,000 से 20,000 रुपये वेतन मिलने का वादा करते हुए लुभाया।



पीड़ित को वहाँ एक अपार्टमेंट में रखा गया था और एक अज्ञात क्लिनिक में मेडिकल चेकअप कराया गया था।उसे लगभग एक महीने तक वहाँ रखने के बाद, तस्करों ने उस युवक को 6 लाख रुपए का लालच देते हुए किडनी निकलवाने को कहा। हालाँकि, जब पीड़ित युवक ने शुरू में अपनी किडनी दान करने से इनकार कर दिया। एसएसपी पंगेनी ने कहा कि पीड़ित युवक को अस्पताल का बकाया खर्च का हवाला देते हुए का बकाया होने का दावा किया। पीड़ित के बयान के आधार पर एसएसपी पंगेनी ने बताया कि तस्करों ने डर और धमकी का इस्तेमाल किया और जबरन उसकी बाईं किडनी को हटा दिया।

किडनी हटाने के कुछ दिनों बाद आरोपी ने इस पीड़ित को चार अन्य लोगों के साथ नेपाल वापस भेज दिया। 31 जुलाई को काठमांडू लौटने के बाद, पीड़ित ने ब्यूरो को अपनी परेशानी का खुलासा किया और शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी पंगेनी ने कहा कि शिकायत के बाद, ब्यूरो ने एक विशेष अभियान चलाया और आज ही न्यू बसपार्क, मित्रनगर से समीर नेपाली को गिरफ्तार किया। टोखा से राकेश नेपाली को और काभ्रे से राजकुमार परियार को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि आरोपी लंबे समय से नेपाल और भारत के बीच नियोजित, अवैध किडनी की तस्करी में लगा हुआ है।उन्होंने लगभग 50 से 60 पीड़ितों की किडनी की तस्करी भारत में की है। गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए काठमांडू जिला न्यायालय द्वारा सात दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है।